तापमान

अधिकतम 34.4 डिग्री

न्यूनतम 15.3 डिग्री

हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, सोमवार 10 फरवरी 2025



11 चुनाव और परीक्षा ने घटाई लीजेंड 90 लीग में...





12 ट्रेन में नहीं फैलेगी आग की अफवाह अब हॉट...




# 3 साल में 3.84 करोड़ की ऑक्सीजन खरीदी, प्लांट का मेंटेनेंस करने में लगते 17 लाख, अब कंपनी ब्लैक लिस्टेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अलग खबर

डीके अस्पताल प्रबंधन को अपना प्लांट होने के बाद भी मरीजों के लिए आक्सीजन सिलेंडर खरीदने पड़े। दो साल में इस चक्कर में करीब 3.84 करोड़ रुपए खर्च हो गए। ऑक्सीजन प्लांट लगाने वाली कंपनी ने मेटेनेंस के नाम पर 17 लाख रुपए लिए, मगर उसे शुरू नहीं कर पाई, जिसकी वजह से सीजीएमएससी द्वारा उसे तीन साल के लिए ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया।

वर्ष 2018 में मेडिग्लोब मेडिकल सिस्टम प्रायवेट लिमिटेड ने डीके अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट लगाया था। इस प्लांट के मदद से चार साल तक मरीजों की जरूरतों को पूरा किया गया, मगर वर्ष 2022 में इसमें तकनीकी खराबी आ गई। आक्सीजन का उत्पादन बंद होने की वजह से प्रबंधन हर महीने 16 लाख रुपए के खर्च कर मरीजों के आक्सीजन सिलेंडर की व्यवस्था करता रहा। इस बीच सीजीएमएससी द्वारा प्लांट को सुधारने के लिए संबंधित कंपनी को जिम्मेदारी दी गई। इसके लिए उसे 17 लाख रुपए भुगतान भी किया गया, मगर कंपनी केवल जांच की औपचारिकता निभाती रही। अस्पताल प्रबंधन द्वारा पिछले साल अक्टूबर माह में इस मामले की शिकायत की गई और बताया गया कि प्लांट शुरू नहीं होने की वजह से अस्पताल प्रबंधन मरीजों की हित में दो साल में करीब 3.84 करोड़ रुपए के सिलेंडर खरीदने पड़ गए। ▶▶ शेष पेज 11 पर

## 17 लाख का भुगतान लेकर भी शुरू नहीं किया प्लांट, तीन साल में 3.84 करोड़ खर्च

### कोरोनाकाल में साबित हुआ मददगार

डीके अस्पताल का यह प्लांट कोरोनाकाल में अन्य अस्पतालों तथा अन्य स्थानों पर बनाए गए कोविड सेंटर में ऑक्सीजन की जरूरत को पूरा करने में सहयोगी साबित हुआ था। 1500 एलपीएम का प्लांट के अलावा अस्पताल परिसर में पीएम केयर फंड से एक दूसरा प्लांट भी स्थापित है, जो विभिन्न तकनीकी जटिलताओं की वजह से अब तक चालू नहीं हो पाया है। इसकी वजह से अस्पताल के मरीज अभी भी सिलेंडर से मिलने वाली आक्सीजन के भरोसे हैं।



### जियो लाइट का मसला

संबंधित आक्सीजन प्लांट में खराबी की मुख्य वजह जियो लाइट नामक उपकरण की खराबी थी। अस्पताल प्रबंधन की ओर से इसके लिए पहले ही 53 लाख रुपए का भुगतान किया गया था। उपकरण लगने के बाद प्लांट चालू नहीं हुआ, तब पत्र व्यवहार करने पर कंपनी ने रखरखाव के लिए 17 लाख रुपए और मांगे थे, जिसे देने के बाद भी प्लांट आक्सीजन उत्पादन करने के लायक नहीं हो पाया।

## खबर संक्षेप

### ऑनलाइन हुक्का सप्लाई ब्लिंकिट के तीन गोदामों पर छापा, नौ गिरफ्तार



**रायपुर।** ऑनलाइन हुक्का सप्लाई करने के आरोप में पुलिस ने ऑनलाइन माल सप्लाई करने वाली ब्लिंकिट कंपनी के सिविल लाइंस, तेलीबांधा तथा देवेंद्र नगर स्थित तीन गोदामों में छापा मारकर नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गोदाम से पांच लाख रुपए के हुक्का तंबाखू के साथ हुक्का पॉट तथा एक मालवाहक वाहन जब्त किया है। पुलिस ने जिन लोगों को गिरफ्तार किया है। उनमें ज्यादातर डिलीवरी ब्वॉय के साथ एक ड्राइवर है। ऑनलाइन हुक्का सप्लाई करने के आरोप में पुलिस ने लोकेश सागर, विवेक मांझी, जयदीप, प्रमोद कुमार साहू, नेतराम ढीढी, आदित्य चौहान, रहमतुल्ला शेख, लोकेश्वर साहू तथा दयाशंकर बंजारे को गिरफ्तार किया है। एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह के मुताबिक ब्लिंकिट कंपनी के खिलाफ ऑनलाइन हुक्का सप्लाई करने की लगातार शिकायत मिल रही थी। पुष्टि होने के बाद कंपनी के गोदाम में छापे की कार्रवाई की गई। पुलिस ने सभी ऑनलाइन कंपनियों को किसी भी तरह से प्रतिबंधित तथा अपराध से संबंधित सामान डिलीवरी करने पर आगे भी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

### आदतन बदमाश ने दोस्त की चाकू मारकर की हत्या

**रायपुर।** खमतराई थाना क्षेत्र में रविवार देर रात एक आदतन बदमाश ने आपसी रंजिश के चलते अपने दोस्त तथा उसके भाई पर चाकू से प्राणघातक हमला कर दिया। हमले से एक युवक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस के अनुसार वीरेंद्र पाण्डेय ने मुकेश तथा रवि साहू के ऊपर चाकू से प्राणघातक हमला किया था। चाकू के हमले से रवि की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हुई है। पुलिस के मुताबिक, दो तीन दिन पूर्व रवि का किसी बात को लेकर वीरेंद्र के साथ विवाद हुआ था। इसके बाद रवि अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर वीरेंद्र को उसी दिन ढूंढने के लिए निकला था, लेकिन वह नहीं मिला। इसी दौरान मेटल पार्क के पास रवि का सामना वीरेंद्र से हो गया। इस दौरान वीरेंद्र ने चाकू निकालकर रवि की पीठ पर चाकू से वार कर दिया।


# रशियन कॉलगर्ल के लिए दलाल वसूल रहे एक रात का 15 से 25 हजार, तजाकिस्तान-उज्बेकिस्तान की लड़कियों की सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी के स्टेशन रोड के साथ वीआईपी रोड सहित कई बड़े होटलों में देह व्यापार का अवैध कारोबार लंबे अरसे से संचालित हो रहा है। देह व्यापार के इस अवैध कारोबार में बड़े पैमाने पर तजाकिस्तान तथा उज्बेकिस्तान की लड़कियां, जिन्हें रशियन के नाम से जाना जाता है, रायपुर लाई जा रही हैं। ग्राहक दलालों को कॉल कर बगैर किसी तरह के कोडवर्ड का इस्तेमाल किए 'रशियन चाहिए' बोलते हैं। देह व्यापार के अवैध कारोबार में संलिप्त दलाल अपने ग्राहकों की जेब देखकर सौदा करते हैं।

कथित रशियन युवती को लेकर एक रात का सौदा करने हरिभूमि की टीम ने स्टिंग ऑपरेशन किया। स्टिंग ऑपरेशन में शंकर नगर स्थित एक होटल कर्मी द्वारा दलाल के साथ रशियन लड़की का एक रात के लिए 15 हजार रुपए में सौदा किया। होटलकर्मी अपने बड़े ▶▶ शेष पेज 11 पर

## वाट्सएप पर फोटो भेजकर दलाल कर रहे हैं सौदा, होटल भी बुक



### स्टेशन रोड के कई होटलों में नो रूम

देह व्यापार के अवैध कारोबार में लगे एक बिचौलिए ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि स्टेशन रोड स्थित दो से तीन होटल ऐसे है, जहां बाहर से आने वाले लोगों को जगह नहीं दी जाती। उन होटलों का इस्तेमाल केवल देह व्यापार के लिए किया जाता है। साथ ही वीआईपी रोड तथा शहर के कई अन्य पॉश इलाकों के होटलों में इसी तरह की व्यवस्था है।

### विदेशी लड़कियों के लिए कई चैनल

देह व्यापार से जुड़े एक ब्रोकर ने बताया कि राजधानी में विदेशी युवती सप्लाई कई चैनलों के माध्यम से होती है। इनमें मुख्य सरगना महानगरों में सेक्स रैकेट चलाने वाले लोगों के संपर्क में रहते हैं। उनके द्वारा एक निश्चित राशि देकर तजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान से लड़कियां बुलावाई जाती हैं। इसके बाद स्थानीय स्तर पर सेक्स रैकेट संचालित करने वाले दलाल मुख्य सरगना से संपर्क कर ग्राहकों की डिमांड के आधार पर युवती उपलब्ध कराते हैं।

### होटलकर्मी के साथ बातचीत

- ▶▶ *कमरा चाहिए*
- ▶▶ कब चाहिए
- ▶▶ *कल या परसों, डेट डिसाइड नहीं है*
- ▶▶ मिल जाएगा
- ▶▶ *चार्जेस क्या रहेगा*
- ▶▶ रूम का जो चार्ज लगता है, वह अलग से लगेगा
- ▶▶ *हाईप्रोफाइल लड़की चाहिए*
- ▶▶ मिल जाएगी
- ▶▶ *चार्जेस क्या रहेगा*
- ▶▶ एक नाइट का 15 हजार रुपए, इसके बाद सुबह चली जाएगी, जब तक काम नहीं होगा, लड़की रुकेगी।
- ▶▶ *मतलब दोपहर 12 बजे तक*
- ▶▶ नहीं सुबह जाएगी, तीन काम करने के बाद, तीन काम बोले...
- ▶▶ *चार दिन के लिए कमरा बुक करना है*
- ▶▶ हो जाएगा
- ▶▶ *दस्तावेज क्या देना होगा*
- ▶▶ आधार कार्ड लगेगा
- ▶▶ *ठीक है, होटल आने वालों का नंबर दे दूंगा*

# एजाज ढेबर समेत रिश्तेदारों को ईओडब्लू और एसीबी से पूछताछ का नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाले की जांच में नए तथ्य मिलने के बाद पूर्व महापौर एजाज ढेबर तथा उनके करीबी रिश्तेदारों को ईओडब्ल्यू तथा एसीबी द्वारा पूछताछ करने नोटिस जारी किया गया है। पूर्व महापौर तथा उनके रिश्तेदारों को जांच एजेंसी ने नोटिस जारी करने की पुष्टि की है। सूत्रों के मुताबिक, स्थानीय निकाय चुनाव का हवाला देकर पूर्व महापौर ने जांच एजेंसी से मोहलत देने की मांग की है। पूछताछ शुरू होने के बाद एजाज ढेबर की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। एजाज के बड़े भाई और घोटाले के किंगपिन कहे जाने वाले अनवर ढेबर इस मामले में पहले से ही जेल में बंद हैं। वहीं हाल ही में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को ईडी ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

- शराब घोटाले में नए तथ्य सामने आने के बाद नोटिस जारी करने की पुष्टि

शराब घोटाले को लेकर ईडी ने पिछले वर्ष 2024 में ईओडब्ल्यू तथा एसीबी में एफआईआर दर्ज कराई थी। ईडी ने आवेदन में कहा था कि तत्कालीन भूपेश सरकार के कार्यकाल में पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन के तत्कालीन एमडी एपी त्रिपाठी, कारोबारी अनवर ढेबर के अवैध सिंडिकेट के जरिए दो हजार करोड़ रुपए से अधिक के घोटाले को अंजाम दिया गया है।

# जेवर चमकाने का झांसा देकर 25 लाख की ठगी, कटिहार गैंग के आधा दर्जन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सोने-चांदी के जेवर चमकाने का झांसा देकर रायपुर तथा भिलाई की दो बुजुर्ग महिलाओं से 25 लाख रुपए से ज्यादा की ठगी करने के आरोप में पुलिस ने बिहार कटिहार के आधा दर्जन शातिरों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने खमतराई में बुजुर्ग महिला के साथ सात लाख रुपए की ठगी की थी।

- पुलिस ने बाइक नंबर के आधार पर पहचान कर धर दबोचा

पूरे मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी डॉ. लाल उमेंद सिंह ने बताया कि ठगी के आरोप में अमरदीप शाह, मुकेश भगत, शिकेंद्र शाह, विपिन कुमार, शम्भू शाह, अमित कुमार को गिरफ्तार किया है। शातिर शनिवार सुबह 11 बजे खमतराई, संतोषी नगर निवासी 66 वर्षीय महिला पी. सरोजिनी के मकान के अंदर जबरन दाखिल हुए। घर के बाहर महिला का पति बैठा हुआ था। बावजूद इसके शातिरों ने घर के अंदर दाखिल होने उनकी अनुमति नहीं ली। मकान के अंदर दाखिल होने के बाद शातिर ▶▶ शेष पेज 11 पर

## जालसाजों ने रायपुर, दुर्ग की दो बुजुर्ग महिलाओं से 25 लाख ठगे



### घटना के चंद घंटे के भीतर दबोचे गए

ठगी के आरोप में पुलिस ने जिन शातिरों को गिरफ्तार किया है। उन्हीं शातिरों ने घटना के दो दिन पूर्व सुपेला में महिला के साथ ठगी की घटना को अंजाम दिया था। खमतराई में घटना के बाद पुलिस ने शातिरों की पतासाजी करते हुए वहां दबिश दी, जिस होटल में शातिर रुके थे। पुलिस को होटल में संदिग्धों के होने के बारे में जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस ने उन्हें पकड़कर पूछताछ की तो बदमाशों ने अपना अपराध स्वीकार किया।

### असली की जगह थमा दिए नकली जेवर

जलन होने पर महिला ने अपने गहने उतारकर जालसाजों के सुपुर्द किए। इस दौरान जालसाजों ने एक पत्थर पानी से भरे कटोरी में डाल दिया। इसके बाद एक प्लास्टिक की झिल्ली, जिसमें सफेद रंग का पावडर था, गहने उसमें डालकर स्टेपल लगाकर महिला के दे दिए और कहा कि कुछ देर के बाद प्लास्टिक को खोलना। थोड़ी देर बाद महिला ने प्लास्टिक की झिल्ली को खोलकर देखा तो उसमें प्लास्टिक के कंगन मिले।

### गुजरात से आने की बात कहकर जेवर पर ज्वलनशील पावडर डाला

ठगी करने पहुंचे शातिरों ने महिला को गुजरात से आने के झांसा देते हुए कहा कि वे बर्तन साफ करने के साथ ही सोने-चांदी के जेवर साफ करते हैं। तांबे का लोटा साफ करने के बाद शातिरों ने महिला से उनके पहने जेवर साफ करने देने की मांग करने लगे। महिला ने जेवर देने से इंकार किया तो जालसाजों ने महिला के पहने हुए गहनों पर लाल रंग का ज्वलनशील पावडर डाल दिया। हाथ तथा गले में जलन होने पर शातिरों ने कहा कि जेवर जल्दी उतारकर दे दो, नहीं तो गला तथा हाथ जल जाएगा।






## उपभोक्ताओं से छह माह में 1502 करोड़ अंतर की राशि वसूली जाएगी

# फरवरी के बिल में भी महंगी बिजली का डबल झटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेशभर के 65 लाख बिजली उपभोक्ताओं को इस बार फरवरी में जनवरी का जो बिजली बिल आ रहा है, उसमें भी महंगी बिजली का डबल झटका लग रहा है। एक तरफ जहां नियमित एफपीपीएएस दस फीसदी लग रहा है, वहीं सात फीसदी और एफपीपीएएस एनटीपीसी लारा से ली गई बिजली के अंतर की राशि का है। प्रदेश के उपभोक्ताओं को कुल मिलाकर छह माह तक महंगी बिजली का डबल झटका लगेगा। तीन माह हो गए हैं, अभी तीन माह और डबल झटका लगेगा।

हर माह ऊर्जा प्रभार पर जो एफपीपीएएस का शुल्क तय होता है, दिसंबर से इसे दो हिस्सों में लिया जा रहा है। एक हिस्सा तो नियमित है, लेकिन दूसरा हिस्सा एनटीपीसी लारा के टैरिफ के अंतर का है। केंद्रीय बिजली नियामक आयोग ने लारा का 2019 ▶▶ शेष पेज 11 पर

### इसलिए लग रहा है डबल शुल्क

पॉवर कंपनी एनटीपीसी लारा से 2019 से आठ सौ मेगावाट बिजली रोज ले रही है। लारा में 800 मेगावाट के दो संयंत्र हैं, इसमें से एक की बिजली छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी को मिलती है। पॉवर कंपनी जिन भी सरकारी या निजी कंपनियों से बिजली लेती है, उसका टैरिफ केंद्र और राज्य का बिजली नियामक आयोग तय करता है। एनटीपीसी का टैरिफ केंद्र के बिजली नियामक आयोग से तय होता है। इसका जो टैरिफ तय हुआ है और पॉवर कंपनी ने अब तक जो उससे बिजली ली है, उसमें करीब 30 पैसे यूनिट का अंतर होने के कारण 1502 करोड़ अंतर की राशि हो गई है। इसको छह माह के अंदर में देने का आदेश हुआ है।


## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

चुनावी हलचल

# जनता का एक-एक वोट करेगा निगम में कांग्रेस के भ्रष्टाचार पर चोट : मीनल



**रायपुर।** भाजपा से महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे ने रविवार को चुनाव प्रचार के अंतिम दिन रायपुर ग्रामीण विधानसभा में विधायक मोतीलाल साहू के साथ विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय पार्षद प्रत्याशियों को साथ लेकर अपनी जनसंपर्क रैली निकाली और जनता से आशीर्वाद मांगा। जनसंपर्क रैली के दौरान जनता को संबंधित करते हुए मीनल चौबे ने कहा कि आज रायपुर नगर निगम को सर्वसुविधायुक्त बनाने और जनता को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के दृष्टिकोण से बेहतर घोषणा पत्र बनाया है और मैं पुनः अपनी बात दोहराती हूं कि हमारा घोषणा पत्र हमारा संकल्प होता है। घोषणापत्र को जनादेश मानकर पूर्ण करना हमारी जिम्मेदारी है। हमारे घोषणा पत्र में हम प्रदूषण पर और बारिश में शहर में होने वाले जलभराव की उचित व्यवस्था करेंगे, शहर को खुली तारों से मुक्ति दिलाएंगे। अंडरग्राउंड इलेक्ट्रिसिटी केबलिंग सिस्टम का निर्माण कर, जलप्रदूषण के कारण पीलिया, डायरिया जैसी बीमारियों की रोकथाम सुनिश्चित करेंगे। जनता का एक एक वोट रायपुर निगम को सर्वश्रेष्ठ नगर निगम बनाने में सहयोग करेगा और रानगर निगम में कांग्रेस के भ्रष्टाचार पर चोट करेगा।

- हमारा घोषणा पत्र विकास के नए आयाम स्थापित करेगा

# दीप्ति ने कहा- सबके परामर्श और सहयोग से शहर को खूबसूरत बनाना मेरा सपना




कांग्रेस की महापौर प्रत्याशी दीप्ति प्रमोद दुबे ने कहा, आज चुनाव प्रचार का अंतिम दिन है। मैंने और हमारे कार्यकर्ताओं ने पूरी मेहनत से, सकारात्मक तरीके से चुनाव अभियान चलाया। रायपुर को धूलमुक्त, सहज यातायात वाला स्वच्छ शहर बनाना, बच्चों को बेहतर शिक्षा, माताओं-बहनों को स्वाभिमान से भयमुक्त शहर दे सकूं, यही मेरा लक्ष्य है। यह एक ऐसा रायपुर हो, वहां ठेले वाले से लेकर बड़े व्यवसायी तक निर्भीक होकर अपना काम कर सकें। सबके परामर्श, सबके सहयोग से उनके अपने शहर को खूबसूरत शहर बनाना मेरा सपना है। चुनाव अभियान के दौरान जनता ने जो प्यार दिया, उससे मुझे पूरा भरोसा है, रायपुर के मतदाता भाई और बहनें मुझे भरपूर समर्थन देंगे।कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में संवाददाताओं से चर्चा में उन्होंने कहा, संतोष है कि हमारी तरफ से पूरे चुनाव अभियान के दौरान मर्यादा और संस्कारों का पूरा ध्यान रखा गया। हमारे कार्यकर्ताओं ने इस बात का पूरा ध्यान रखा कि हमारे विपक्ष में जो उम्मीदवार खड़ी हैं, वे भी महिला हैं। अतः हमने अपने चुनाव अभियान की गरिमा को गिरने नहीं दिया।


- प्रचार के अंतिम दिन कांग्रेस ने भाजपा पर लगाया चुनाव में भ्रम फैलाने का आरोप

# तात्यापारा-शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण, मौदहापारा में ट्रैफिक प्रमुख मुद्दा

**वार्ड नंबर 27**
**इंदिरा गांधी वार्ड**

कुल मतदाता : 13,508
पुरुष मतदाता : 6,626
महिला मतदाता : 6,857
तृतीय लिंग मतदाता संख्या : 25

**शामिल एरिया** :गंज मंडी, जवाहरनगर, केलकर पारा, जोरापारा, रेलवे स्टेशन क्षेत्र, निवेदिता स्कूल एरिया।




- भाजपा से अवतार बागल, कांग्रेस से दलजीत चावला और निर्दलीय विमल गुप्ता चुनावी मैदान में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंदिरा गांधी वार्ड नंबर 27 के पार्षद चुनाव में इस बार शहर के प्राइम लोकेशन पर स्थित तात्यापारा से शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण और मौदहापारा में सड़क पर लगने वाले संडे बाजार से ट्रैफिक जाम का मुद्दा प्रमुख रहेगा। ट्रैफिक जाम से हलाकान वार्डवासी इसके स्थायी समाधान की मांग कर रहे हैं। साथ ही लोधीपारा में पानी की समस्या पर लोग मुखर हुए हैं। वार्ड की तासीर ये है कि यहां भाजपा की हैट्रिक रही, पिछले बार के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी सुरेश चन्नावार ने इस पर ब्रेक लगाते हुए जीत दर्ज कर पार्षद पद की कुर्सी कांग्रेस की झोली में डाली। इस बार कांग्रेस से दलजीत चावला और भाजपा से अवतार बागल के बीच सीधा मुकाबला है। वहीं बागी चुनाव लड़ रहे कांग्रेस के पूर्व पार्षद विमल गुप्ता निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में हैं। इंदिरा गांधी वार्ड में पांचवी बार पार्षद चुनने 13 हजार से अधिक मतदाता 11 फरवरी को मतदान करेंगे। पहली बार हुये वार्ड पार्षद के चुनाव में भाजपा से सुरेंद्र धाकड़ कांग्रेस के अशोक राज आहूजा को हराकर पार्षद बने। दूसरी बार हुए चुनाव में भाजपा से ममता अग्रवाल ने कांग्रेस प्रत्याशी को हराकर भाजपा का विजयक्रम जारी रखा। इसके बाद तीसरी बार पार्षद पद के चुनाव में भाजपा से भावेश पिथालिया ने चुनाव जीतकर भाजपा के क्रम को हैट्रिक का रूप दिया। साल 2019 में हुए नगर निगम चुनाव में इस वार्ड से पहली बार कांग्रेस प्रत्याशी सुरेश चन्नावार चुनाव जीतकर पार्षद बने।

आमने- सामने

## 5 साल में सिर्फ नाली बनवाई, विकास कार्य ठप

भाजपा प्रत्याशी अवतार सिंह बागल ने कहा, पिछले 5 साल में निवृत्तमान पार्षद ने वार्ड में सिर्फ नाली बनवाई। अच्छी खासी नाली को तोड़कर नई नाली बनाई गई, जिसकी जरूरत ही नहीं थी। वार्ड विकास का कार्य ठप रहा। यहां ट्रैफिक की समस्या सबसे ज्यादा है, तात्यापारा से फूल चौक, शारदा चौक पर रोज सुबह-शाम लोग इससे जूझते हैं। सड़क चौड़ीकरण की ओर ध्यान नहीं दिया गया। व्यापारिक क्षेत्र होने की वजह से इस पर प्रमुखता से कार्य कराने की जरूरत है। मौदहापारा में सालों से सड़क पर अव्यवस्थित रूप से संडे बाजार लगता है, आम नागरिक इससे परेशान हैं। इस समस्या का समाधान बहुत जरूरी है, क्योंकि रेल्वे स्टेशन, फाफाडीह सहित अन्य आसपास के इलाकों में आने जाने वाले इसी रास्ते का उपयोग करते हैं। एमजी रोड की रात्रिकालीन चौपाटी सुव्यवस्थित करने की जरूरत है।



अवतार सिंह बागल
भाजपा प्रत्याशी

## 5 साल में विकास का मार्ग हुआ प्रशस्त

कांग्रेस प्रत्याशी दलजीत चावला ने कहा, पिछले पांच साल में जनहित से जुड़े कई कार्य कराए गए। स्टेशन रोड पर संजय गांधी चौक का चौड़ीकरण अरसे से नहीं हो पाया था। पूर्ववर्ती कांग्रेस शासनकाल में पार्टी के वार्ड पार्षद सुरेश चन्नावार ने यह काम प्रमुखता से कराया। इससे शहर के व्यस्ततम मार्ग पर लोगों को सुगम आवागमन की सुविधा मिली। नालियों की नियमित सफाई होने से वार्ड में स्वच्छता आई है। हमारा प्रयास रहेगा कि जोरा तालाब, बड़ा तालाब में सीवरेज के पानी को रोका जाए। साथ ही खेल मैदान का प्रस्ताव बनाया जाएगा।



दलजीत चावला
कांग्रेस प्रत्याशी

# शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड नंबर 37 में सफाई प्रमुख मुद्दा

**वार्ड नंबर 37**
**शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड**

कुल मतदाता : 13,965
पुरुष मतदाता : 6,802
महिला मतदाता 7,157
तृतीय लिंग मतदाता 4

**शामिल एरिया : समता कॉलोनी का भाग, रामकुंड, आमापारा, बजरंग नगर।**




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड में लचर सफाई व्यवस्था, स्लम बस्ती में बजबजाती नाली और गरीब व जरूरमतमंदों के लिए बनाए गए सामुदायिक भवनों के दुरुपयोग का मुद्दा इस बार के पार्षद चुनाव में प्रमुख रहेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के आवास आवंटन में गड़बड़ी को लेकर भी आवाज उठने लगी है। करीब 14 हजार मतदाताओं में से सबसे ज्यादा संख्या 7157 महिला मतदाताओं की है, जो चुनाव परिणाम को काफी हद किसी प्रत्याशी के पक्ष में करने का दम रखती हैं। त्रिकोणीय मुकाबले में भाजपा ने निवृत्तमान पार्षद दीपक जायसवाल को चुनाव मैदान दूसरी बार उतारा है, वहीं कांग्रेस से दाऊलाल साहू और निर्दलीय जितेंद्र सोनकर चुनाव मैदान में उतरे हैं। 95 फीसदी स्लम एरिया को समेटे शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड में निकास नाली, खस्ताहाल सड़क और आधा दर्जन तालाबों के सौंदर्यीकरण चर्चा में है। 6वीं बार वार्ड पार्षद के हो रहे चुनाव में कांग्रेस की कोशिश इस वार्ड से दूसरी बार पार्षद की कुर्सी हथियाने की रहेगी। जबकि भाजपा प्रत्याशी दूसरी बार लगातार जीत के लिए जोर लगा रहे हैं।

आमने- सामने

## 5 साल से विकास कार्य ठप

कांग्रेस प्रत्याशी दाऊलाल साहू का कहना है, पिछले 5 साल में वार्ड विकास का कार्य पूरी तरह ठप रहे। स्लम एरिया में सफाई की व्यवस्था बेहद लचर रही। वार्ड में 45 सफाई कर्मचारियों का ठेका होने के बाद भी 30 सफाई कर्मचारियों से काम लिया जाता था। पीएम आवास योजना में जरूरतमंदों को आवास दिलाने में गड़बड़ी की शिकायत रही। वार्ड में 5 सामुदायिक भवन में से डबरीपारा, बजरंग नगर के सामुदायिक भवन को किराए पर दिए जाने की शिकायत भी रही। तालाब सौंदर्यीकरण के नाम पर महज खानापूर्ति हुई है। हमारी प्राथमिकता वार्ड को स्वच्छ बनाने और प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्र हितग्राहियों को आवास उपलब्ध कराने की रहेगी।



दलजीत चावला
दाऊलाल साहू

## आरोप निराधार

भाजपा प्रत्याशी दीपक जायसवाल का कहना है, आरोप निराधार हैं, वार्ड में सफाई ठेका के अनुरूप पूरी संख्या में सफाई कर्मचारी काम पर आते रहे हैं। कांग्रेस शासनकाल में हर टेंडर विधायक के बंगले से होता रहा है। सफाई कर्मचारियों की संख्या यदि कम रहती तो निगम में कांग्रेस का मेयर था, वे एक्शन ले सकते थे, क्यों नहीं लिया? मेरे कार्यकाल में कारी तालाब, आमातालाब का सौंदर्यीकरण, सफाई, पचरी बनाने का कार्य कराया गया। हाईमास्ट लाइट लगवाकर वार्ड को जगमगाने का काम हुआ। लोगों को स्वास्थ्य सुविधा वार्ड स्तर पर दिलाने हमर क्लीनिक निर्माण कराया। समता कॉलोनी में जलभराव दूर करने एक करोड़ की लागत से नाला निर्माण शुरू कराया गया। 10 से ज्यादा जगहों पर सामुदायिक भवन बनाया गया।



दीपक जायसवाल
भाजपा प्रत्याशी

# भाजपा प्रत्याशी ममता सोनू तिवारी ने किया धुंआधार जनसंपर्क



**रायपुर।** वार्ड क्रमांक 67 भक्त माता कर्मा वार्ड में भाजपा प्रत्याशी ममता सोनू तिवारी ने सघन जनसंपर्क किया। रायपुर नगर निगम के चुनाव में सर्वाधिक चर्चित और सकारात्मक चुनाव प्रबंधन का उदाहरण प्रस्तुत करता हुआ रविवार का दिन चुनावी जनसंपर्क अभियान के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है और इसी बात को ध्यान में रखते हुए श्रीमति तिवारी के पक्ष में एक विशाल जनसमूह जुलूस के रूप में एकत्रित होकर रामनगर, करन नगर, राम मंदिर, गौरा-गौरी चौक, पीएस सिटी, सिमरन सिटी, विनायका सिटी तक अबाध गति से चला, जिसमें उन्होंने अपने समर्थकों के साथ भाजपा का परचम लहराते हुए प्रचार अभियान को दिशा दिखाई और अपनी तथा भाजपा की नीतियों से जनता को रूबरू कराया। इन सब स्थानों पर आज उनका साथ युवा उद्यमी, भाजपा के युवा नेता और उनके पति सोनू तिवारी भी साथ देखे गए। ममता ने कहा, वार्ड की सुंदरता और सफाई को लेकर गंभीरता से प्रयास करना प्रमुख मुद्दा होगा और वे प्रयास करेंगी कि उनका वार्ड पूरे रायपुर में सबसे सुंदर वार्ड बन पाए।

# भाजपा प्रत्याशी गज्जू साहू का वादा वीर शिवाजी वार्ड होगा सर्वश्रेष्ठ वार्ड



**रायपुर।** वीर शिवाजी वार्ड क्रमांक 16 ओमनगर, संतोषी नगर एवं शिवानंद नगर आदि क्षेत्रों में भाजपा प्रत्याशी गज्जू साहू ने जोरदार जनसंपर्क किया। इस दौरान वार्ड के कई क्षेत्रों में गज्जू साहू का जनता एवं मतदाताओं ने आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने आगामी 5 वर्षों में वार्ड के विकास को एक नया आयाम देने वीर शिवाजी वार्ड क्रमांक 16 को रायपुर का सर्वश्रेष्ठ और सुंदर वार्ड बनाने का संकल्प लिया। उनका प्रचार अभियान वर्तमान में अपने चरम पर है। हजारों समर्थकों का उनको सहयोग मिलता दिख रहा है। गज्जू साहू ने मतदाताओं से वादा करते हुए कहा कि इस चुनाव में भी मतदाताओं का उन्हें यदि सहयोग प्राप्त होता है तो अपने वार्ड को सर्वांगीण विकास के मार्ग पर ले जाते हुए वे वार्ड को रायपुर नगर निगम के सर्वाधिक सुंदर वार्डों में उच्च स्थान दिलाने का पूरा प्रयत्न करेंगे। जनसंपर्क के दौरान उनके साथ सहयोगियों एवं कर्मठ कार्यकर्ताओं का सहयोग मिला।

# भाजपा प्रत्याशी गिदवानी ने निकाली विजय संकल्प यात्रा



रायपुर। भाजपा के पार्षद प्रत्याशी अमर गिदवानी ने मंत्रोच्चार के साथ रविवार को विजय संकल्प यात्रा निकाली। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत पं. भगवतीचरण शुक्ल वार्ड क्रमांक 57 के मतदाताओं से, अपने मुख्य चुनाव संचालक केदार गुप्ता के सुझाव अनुसार भाजपा महापौर उम्मीदवार मीनल चौबे, सभी भाजपा प्रत्याशियों एवं अपने लिए आशीर्वाद मांगा। मतदाता जागरूकता जनसंपर्क अभियान के तहत कटोरा तालाब के भगत सिंह चौक से भागवत पूजा, अर्चना मन्त्रोच्चार अनुष्ठान के साथ विजय संकल्प यात्रा निकाली, जिसमें सैकड़ों की संख्या में भाजपा सदस्य शामिल हुए। यह विजय यात्रा बुढ़ी मां चौक, राजेंद्र नगर सतबहनिया चौक, गोवर्धन चौक, श्री दुर्गा माता शिव चौक, अरविंद नगर, उत्कल बस्ती, यादव पारा, कुंदरापारा, पंजाबी कालोनी सहित वार्ड सीमा के प्रत्येक नगर, बस्ती में भ्रमण किया। इस दौरान विधायक सुनील सोनी, पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, केदारनाथ गुप्ता, ललित जयसिंह, विश्वदिनी पांडेय, अमर बंसल समेत भाजपा के अनेक नेता ओर कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में शामिल होकर इस महारैली को सफल बनाया।

# भाजपा प्रत्याशी संतोष साहू की जनसमर्थन यात्रा



**रायपुर।** मदर टेरेसा वार्ड क्रमांक-47 के भाजपा प्रत्याशी संतोष साहू ने मतदाता जागरूकता जनसंपर्क अभियान के तहत श्याम नगर के तेलीबांधा सिंधी पंचायत कालोनी में गली नंबर एक से गली नंबर सात तक सघन जनसंपर्क कर भाजपा से महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे के लिए एवं वार्ड विकास के लिए आम नागरिकों से जनसमर्थन यात्रा के दौरान आशीर्वाद मांगा। सिंधी पंचायत, समाज एवं हिंदू समाज का उन्हें अपार जनसमर्थन मिल रहा हैऔर मतदाताओं ने 11 फरवरी को सबसे पहले मतदान फिर जलपान करने के लिए श्री साहू को आश्वस्त किया है। इस अवसर पर सिंधी पंचायत तेलीबांधा के समाजजन, सीमा साहू, राजू राघवानी, मित्रसेन धीमान, सोनू सलूजा, पोल्ले भारद्वाज, सुनील कुकरेजा, मोहन नेभानी, कुबेरराम सपहा, रवि रचदानी, सुरेश रंगलानी, किशोर आहूजा, रवि चरयानी, राजू साहू, नीलू साहू, बबलू पाठक, सुमित यादव, पंकज प्रधान, अजित खुरा, अमृत चौहान, सोनी खुरा, बेडी प्रधान, सीता साहू, टिकेश्वरी वर्मा, मंजू यादव, कुसुम साहू आदि शामिल हुए।

# सुषमा तिलक साहू का वादा- वार्ड क्रमांक 54 बनेगा आदर्श वार्ड



**रायपुर।** कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड नंबर 54 से बीजेपी प्रत्याशी सुषमा तिलक साहू जनसंपर्क के दौरान वार्डवासियों को इस बात का भरोसा दिलाया कि आगामी 5 साल में हमारा वार्ड कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड रायपुर नगर निगम में सर्वश्रेष्ठ और सुंदर वार्ड के रूप में जाना जाएगा। श्रीमति साहू ने अपने वार्ड के कई इलाकों में सघन जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं से वादा किया कि आगामी 5 वर्षों में शिक्षा, सफाई, स्वास्थ्य समेत विभिन्न क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा और सुंदर वार्ड की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे।

# पुष्पा रोहित साहू ने मतदाताओं से मांगा जीत का आशीर्वाद



**रायपुर।** वार्ड क्रमांक 31 नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड से भाजपा प्रत्याशी पुष्पा रोहित साहू ने रविवार को पूरे वार्ड में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया, जिसमें उनके साथ सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता भी शामिल हुए। उन्होंने कहा, वार्ड के सर्वांगीण विकास के लिए और भाजपा सरकार की योजनाओं को वार्ड के घर-घर तक पहुंचाने, वार्ड की साफ-सफाई और सभी जनहित योजनाओं को सभी नए हितग्राहियों तक पहुंचाना भी उनका पहला लक्ष्य रहेगा। जनसंपर्क अभियान के तहत पार्वती नगर, शिवनगर और खम्हारडीह बस्ती में विशाल जनसमूह के मतदाताओं से अपील की, पहले मतदान और फिर जलपान की अपील करते हुए सभी से भाजपा के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा वोट करने समर्थन मांगा, इस दौरान भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, समाजसेवी एवं फिल्म डायरेक्टर मोहन सुंदरानी, कार्यकर्ता देवराज पारधी, दीपक साहू, जगदीश प्रसाद, सुनीत यादव, हरि रामपाल, महेश साहू, धनीराम साहू, सुरेश चेलक समेत सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

# भाजपा के घोषणापत्र में तात्यापारा-शारदा चौक चौड़ीकरण छह माह में करने का वादा

### रायपुर नगर निगम के लिए अलग से जारी किया गया अटल विश्वास पत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा ने नगरीय निकाय चुनाव में राजधानी रायपुर के लिए अलग से घोषणापत्र जारी करते हुए तात्यापारा-शारदा चौक चौड़ीकरण छह माह में करने का वादा किया है। इसी के साथ और कई वादे किए गए हैं। सांसद बृजमोहन अग्रवाल और शहर के सभी विधायकों राजेश मूणत, सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा और मोतीलाल साहू ने रायपुर नगर निगम का अटल विश्वास पत्र जारी कर संकल्प व्यक्त किया कि रायपुर नगर निगम क्षेत्र को विकसित बनाने के लिए निधि और योजनाओं की कमी नहीं होगी।

चारों विधायक वचन देते हैं, राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ राजधानी को दिलवाएंगे, नगर निगम रायपुर को स्मार्ट शहर बनाने के लिए अपना पूरा योगदान देंगे। श्री अग्रवाल ने कहा, कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार में शहर की जनता पांच साल बदहाल हो गई। मूलभूत सुविधाओं के लिए यंत्रणा को झेला है। शहर की सड़कें गड्ढे में तब्दील हो गई थीं और इससे जनता को भारी फजीहतों को झेलना पड़ा था। भाजपा सरकार के दौरान हुए सभी विकास कार्यों का कांग्रेस ने बेड़ा गर्क कर दिया था। मंत्री रामविचार नेताम ने कहा, अटल विश्वास पत्र में रायपुर को विकसित बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं लागू होंगी।

### ये हैं प्रमुख वादे

तात्यापारा-शारदा चौक चौड़ीकरण समयबद्ध तरीके से 6 माह में पूरा करेंगे। तालाबों का संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण किया जाएगा। सभी जोन में चौपाटी बनाएंगे। सड़कों में लगने वाले बाजारों को व्यस्थित करेंगे। उद्योग भवन राजेंद्र नगर, सरोना, तेलीबांधा में फ्लाईओवर का निर्माण करेंगे। हर घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। हर जोन में खेल मैदान एवं उद्यान बनाएंगे। खेल अकादमी बनाएंगे। रैन बसेरा सर्व सुविधायुक्त किया जाएगा। रायपुर को रेबिज मुक्त शहर बनाया जाएगा। अवैध कालोनी में सड़क, बिजली, पानी की व्यवस्था हेतु आवश्यक कदम उठाकर अवैध कालोनी को नियमानुसार नियमित किया जाएगा। सर्व सुविधायुक्त आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र बनाएंगे। कामकाजी महिलाओं के लिए मौजूदा हॉस्टलों में सुविधाओं का विस्तार करेंगे। मोर क्लीनिक बनाएंगे। रोजगार मूलक स्किल डेवलपमेंट सेंटर स्थापित किए जाएंगे। श्रद्धांजलि योजना के तहत 500 की वृद्धि कर हितग्राही को 2500 रुपए दिए जाएंगे। सीवेज और जल निकासी की समस्याओं को हल करेंगे। बिजली के तारों के जंजाल से मुक्ति के लिए चरणबद्ध तरीके से अंडरग्राउंड केबलिंग के कार्य किए जाएंगे। जल प्रदूषण के कारण पीलिया, डायरिया जैसी बीमारियों ने नियंत्रित कर समस्या हल करने के लिए निर्णायक कदम उठाएंगे, खासकर लभांडी क्षेत्र में।

# सांसद बृजमोहन का रेलमंत्री को पत्र ट्रेनों में इमरजेंसी कोटा बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने केंद्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर प्रदेश से गुजरने वाली ट्रेनों में स्लीपर समेत सभी श्रेणी में इमरजेंसी, वीआईपी कोटा बढ़ाने की मांग की है। साथ ही उन्होंने डीआरएम रायपुर और डीआरएम बिलासपुर से भी आवश्यक कदम उठाने को कहा है। श्री अग्रवाल ने पत्र में अवगत कराया कि रायपुर से गुजरने वाली लगभग 90 ट्रेनों में इमरजेंसी कोटा बहुत कम है, और कई ट्रेनों में यह कोटा उपलब्ध ही नहीं है। इससे मरीजों, विद्यार्थियों और अन्य जरूरतमंद यात्रियों को बर्थ न मिलने के कारण असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। लंबी वेटिंग लिस्ट के कारण यात्रियों को वैकल्पिक एवं महंगे साधनों का उपयोग करना पड़ता है, जिससे उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानी होती है। श्री अग्रवाल ने कहा, छत्तीसगढ़ एक महत्वपूर्ण औद्योगिक और शैक्षणिक केंद्र होने के साथ-साथ कई महत्वपूर्ण धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का केंद्र भी है। ऐसे में यहां से बड़ी संख्या में लोग यात्रा करते हैं, जिनकी सुविधाओं का ध्यान रखा जाना आवश्यक है।

# केदार कश्यप बोले- भूपेश की महाकुंभ पर टिप्पणी से करोड़ों श्रद्धालु आहत



**रायपुर।** प्रदेश के वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने नेता प्रतिपक्ष और सभी विधायकों को सनातन धर्म की आस्था के प्रतीक प्रयागराज महाकुंभ में स्नान का आमंत्रण दिया, जिसे कांग्रेस के ठुकराकर एक बार फिर अपनी सनातन विरोधी मानसिकता को उजागर कर दिया है। सबसे पहले कांग्रेसियों ने अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला मंदिर के उद्घाटन समारोह के आमंत्रण को ठुकराया था और जब उन्हें महाकुंभ चलने का न्योता दिया गया तो नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने महाकुंभ का न्योता ठुकराते हुए यह कह दिया कि न हम जाएंगे और न ही कांग्रेस के विधायक जाएंगे। भूपेश बघेल महाकुंभ के पर्व पर अर्नगल बयानबाजी करने लगे हैं। करोड़ों लोगों की आस्था के प्रतीक महाकुंभ का अपमान करने के लिए कांग्रेस को शर्म आनी चाहिए। श्री कश्यप ने कहा, सनातन धर्म के प्रतीक व धर्म और आस्था के प्रतीक महाकुंभ का इस तरह अपमान करते हुए कांग्रेस को शर्म क्यों नहीं आती?

# कल तय होगी शहरी सत्ता...नौ नगर निगमों में भाजपा कांग्रेस में मुकाबला, धमतरी में कांग्रेस का उम्मीदवार ही नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव के लिए प्रदेशभर में सोमवार को मतदान होगा। दस नगर निगमों में से 9 में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला नजर आ रहा है। एक नगर निगम धमतरी ऐसा है, जहां कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन ही रद्द हो जाने के कारण यहां कांग्रेस का कोई प्रत्याशी मैदान में नहीं है। यहां पर कांग्रेस ने किसी को भी अपना प्रत्याशी नहीं बनाया है। ऐसे में यहां पर भाजपा की जीत आसान लग रही है।

## रायपुर में मीनल-दीप्ति में मुकाबला

राजधानी रायपुर में हमेशा से ही भाजपा और कांग्रेस में सीधा मुकाबला रहता है। इस बार यहां की सीट महिलाओं के लिए आरक्षित होने के कारण भाजपा ने जहां नगर निगम में वर्तमान में नेता प्रतिपक्ष रही मीनल चौबे को मैदान में उतारा है, वहीं कांग्रेस ने पूर्व महापौर प्रमोद दुबे की पत्नी दीप्ति दुबे को मैदान में उतारा है। इनके बीच ही सीधा मुकाबला है।

## राजनांदगांव में मधुसूदन के सामने युवा निखिल

राजनांदगांव में भी भाजपा और कांग्रेस में सीधा मुकाबला है। यहां पर भाजपा ने विधानसभा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के समर्थक पूर्व में महापौर रह चुके मधुसूदन यादव को मैदान में उतारा है। भाजपा के अनुभवी प्रत्याशी के सामने कांग्रेस ने युवा चेहरे निखिल द्विवेदी को मैदान में उतारा है।




## कोरबा में भी सीधी टक्कर

कोरबा में भी भाजपा और कांग्रेस में सीधी टक्कर है। यहां से भाजपा ने संजू देवी राजपूत को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने उषा तिवारी पर दांव खेला है।

## बस्तर में दीपक-किरण की प्रतिष्ठा दांव पर

बस्तर के जगदलपुर नगर निगम में भी भाजपा और कांग्रेस में सीधा मुकाबला है। यहां पर दोनों दलों के प्रदेशाध्यक्षों की प्रतिष्ठा दांव पर है। जहां भाजपा नगर निगम में लगातार पार्षद का चुनाव जीतने वाले संजय पांडेय को मैदान में उतारा है, वहीं कांग्रेस ने प्रदेश के संगठन महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू को टिकट दिया है। एक तरफ जहां मलकीत सिंह पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज के खास समर्थक हैं, वहीं संजय पांडेय को किरण देव का खास समर्थक माना जाता है। ऐसे में दोनों पार्टियों के प्रदेशाध्यक्षों ने जीत के लिए अपनी पूरी ताकत झोंकी है।

## धमतरी में भाजपा की राह आसान

धमतरी नगर निगम में भाजपा के सामने कांग्रेस का कोई भी प्रत्याशी मैदान में न होने के कारण यहां पर भाजपा के लिए जीत की राह आसान हो गई है। भाजपा ने प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा को प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस के प्रत्याशी विजय गोलछा का नामांकन रद्द होने के बाद कांग्रेस ने किसी और को अपना अधिकृत प्रत्याशी नहीं बनाया। कांग्रेस के एक और प्रत्याशी तिलक सोनकर ने भी नामांकन भरा था, लेकिन कांग्रेस ने उनको अपना प्रत्याशी नहीं बनाया, ऐसे में वे निर्दलीय ही मैदान में हैं।

## दुर्ग में भी सीधा मुकाबला

दुर्ग नगर निगम में भी इस बार महिला प्रत्याशियों को मौका मिला है। यहां भी रायपुर की तरह ही भाजपा और कांग्रेस में सीधा मुकाबला है। भाजपा ने जहां अलका बाघमार को चुनाव मैदान में उतारा है, वहीं कांग्रेस ने प्रेमलता साहू पर दांव खेला है। दोनों नगर निगम में दस साल से ज्यादा समय पार्षद रह चुकी हैं।

# 70 वार्डों में मोहल्ला क्लीनिक की योजना धड़ाम, ठंडे बस्ते में प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

पूर्ववर्ती कांग्रेस शासनकाल में दिल्ली के मोहल्ला क्लीनिक की तर्ज पर राजधानी रायपुर के 70 वार्डों में आम जनता को घर पहुंच स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने मोहल्ला क्लीनिक की योजना फिस्स हो गई है। सभी जोन कमिश्नरी को 10 जोन के 70 वार्डों में इसके लिए जगह चिन्हांकित करने का जिम्मा तत्कालीन नगर निगम कमिश्नर द्वारा दिया गया, पर अब तक मोहल्ला क्लीनिक का कहीं अता-पता नहीं है। वार्ड पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों में मोहल्ला क्लीनिक खोलने के लिए जो प्रस्ताव जोन स्तर पर दिए थे, वे प्रस्ताव ठंडे बस्ते में चले गए।

नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने शहरवासियों को उनके मोहल्ले में जोन स्तर पर मोहल्ला क्लीनिक खोलने पूर्व में खाका तैयार किया गया, जिसमें 10 जोन के जोन कमिश्नरों से मोहल्ला क्लीनिक खोलने के लिए जगह तलाशने का जिम्मा मिला। शुरुआती दौर में तत्कालीन महापौर एजाज ढेबर ने नगर निगम जोन-1 संत कबीरदास वार्ड के गोंदवारा तालाब किनारे निर्मित सामुदायिक भवन के प्रस्तावित स्थान और बंजारी माता वार्ड में भनपुरी के समीप स्थित शिव मंदिर के पास सार्वजनिक हॉल का अवलोकन कर जोन कमिश्नर को मोहल्ला क्लीनिक खोलने निर्देश दिए।

## वार्ड में आम जनता को स्वास्थ्य सुविधाएं मोहल्ला स्तर पर दिलाने की थी योजना

### भेजा था प्रस्ताव

शहीद पंकज विक्रम वार्ड में आंबेडकर चौक में भवन बनाकर मोहल्ला क्लीनिक शुरू करने निवृतमान पार्षद एवं जोन अध्यक्ष निशा-देवेंद्र यादव ने जोन-6 में प्रस्ताव बनाकर भेजा, पर शासन स्तर पर स्वीकृति नहीं मिल पाने से मोहल्ला क्लीनिक नहीं खुल पाया। इसी तरह भाठागांव में भी मोहल्ला क्लीनिक के लिए प्रस्ताव गया था, पर इस वार्ड में एक भी मोहल्ला क्लीनिक नहीं खुल पाया।




### जनहित में जरूरी है क्लीनिक

अमलीडीह पानी टंकी के पास स्थित पुराना पार्षद कार्यालय की जगह पर मोहल्ला क्लीनिक खोलने जोन-9 में प्रस्ताव दिया गया। चूंकि यह मुख्य मार्ग पर है और जोन कार्यालय के समीप में है, इसलिए जनहित में यहां मोहल्ला क्लीनिक खोलने की मांग रही। इससे वार्डवासियों को काफी सहूलियत मिलती, पर जनहित के इस प्रस्ताव पर अमल नहीं होने से इसका लाभ लोगों को नहीं मिल पाया।

## खबर संक्षेप

### गांधी उद्यान में फिजियोथेरेपी शिविर



रायपुर। एफ-95 एडवांस फिजियोथेरेपी एंड रिसर्च सेंटर ने अपनी सीएसआर पहल के तहत लोकल मार्केट गांधी उद्यान और सिग्नेचर होम्स में निशुल्क फिजियोथेरेपी शिविरों का आयोजन किया। इन शिविरों में निवासियों को पोस्टर एनॉलिसिस, चलने-फिरने के तरीके का विश्लेषण और मांसपेशियों की ताकत की जांच जैसी उन्नत सेवाएं प्रदान की गईं। संस्था के प्रमुख डॉ. पंकज शाही ने बताया कि एफ-95 का उद्देश्य केवल उपचार ही नहीं, बल्कि मस्कुलोस्केलेटल (हड्डी और मांसपेशियों से जुड़ी) समस्याओं की रोकथाम पर भी ध्यान केंद्रित करना है।

## निधन

### ईश्वरी देवी लालवानी



रायपुर। मोहबा बाजार निवासी ईश्वरी देवी लालवानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 9 फरवरी को कोटा मुक्तिधाम में किया गया। वे नामचंद लालवानी की पत्नी, सुनील व मनीष लालवानी की माता थीं।

### नारायण प्रसाद वर्मा



रायपुर। कोटा निवासी नारायण प्रसाद वर्मा (दुर्गा कॉलेज वाले) का 9 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 10 फरवरी को सुबह 11.30 बजे कोटा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे नितिन और नीरज सक्सेना के पिता थे।

### कुलवंत कौर सग्गू



रायपुर। ऐश्वर्य विले दलदल सिवनी निवासी कुलवंत कौर सग्गू का 9 फरवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 10 फरवरी को सुबह 10 बजे निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे अरविंदर सिंह सग्गू, जसविंदर सिंह सग्गू, गुरविंदर सिंह सग्गू की माता एवं गुरप्रीत सिंग बाबरा की सास थीं।

लीजेंड 90 लीग में क्रिकेट देखने का जुनून और उत्साह कम, दर्शकों की उपस्थिति में गिरावट


# चुनाव और परीक्षा ने घटाई लीजेंड 90 लीग में दर्शकों की भीड़, 60 हजार सीटों में 500 से भी कम क्रिकेट प्रेमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- लीग में शिखर धवन, सुरेश रैना, यूसुफ पठान जैसे स्टार खिलाड़ी मैदान पर उतर रहे, फिर भी दर्शक उम्मीद से भी कम

शहीद वीर नारायण स्टेडियम में चल रहे लीजेंड 90 लीग में क्रिकेट देखने का जुनून और उत्साह अपेक्षाकृत कम दिखाई दे रहा है। दर्शकों के लिए एंट्री फ्री किए जाने के बावजूद दर्शक स्टेटियम नहीं पहुंच रहे हैं। क्रिकेट प्रेमियों में अपने स्टार खिलाड़ियों को खेलते हुए देखने के लिए दिलचस्पी कम दिखाई दे रही है। इसकी प्रमुख वजह निगम चुनाव और स्कूल-कॉलेज की परीक्षा का दौर माना जा रहा है, जिसके चलते दर्शक स्टेडियम में आने से कतराते दिख रहे हैं। आयोजकों को उम्मीद थी कि बड़े क्रिकेट सितारों के खेलने से दर्शकों की भीड़ बढ़ेगी।

पहले दिन से ही दर्शकों की उपस्थिति कम रही और दूसरे तथा तीसरे दिन भी लगभग 500 दर्शक ही मैच का लुत्फ उठाने पहुंचे, जबकि स्टेडियम की कुल क्षमता 60 हजार सीटों से कहीं ज्यादा है। दर्शकों का उत्साह फीका होने से लीग के मुकाबलों का आकर्षण कम हो गया है। अगर चुनाव और परीक्षाएं न होती दर्शकों की संख्या में इजाफा हो सकता था। बता दें कि लैजेंड 90 लीग में शिखर धवन, सुरेश रैना, यूसुफ पठान, मोईन अली, तिलकरत्ने दिलशान और ड्वेन ब्रावो जैसे स्टार खिलाड़ी जमकर चौकों और छक्के लगा रहे हैं। इन दिग्गजों की बल्लेबाजी से हर दिन मैच को रोमांचक बन रहा है।




### इंटरनेशनल मास्टर्स लीग में होगी दिग्गजों की भिड़ंत

*लीजेंड्स क्रिकेटरों को एक बार फिर मैदान पर खेलते देखने का मौका मिलने जा रहा है। इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) में दुनियाभर के क्रिकेट दिग्गज सचिन तेंदुलकर, ब्रायन लारा, शेन वाट्सन जैसे खिलाड़ियों को खेलते देखना एक रोमांचक अनुभव होगा। रायपुर को इस टूर्नामेंट के दो सेमीफाइनल, फाइनल और कुल 7 मैचों की मेजबानी मिली है। इस टूर्नामेंट में भारत, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के क्रिकेट दिग्गज अपनी टीमों के साथ भिड़ते नजर आएंगे। टूर्नामेंट संभवतः 22 फरवरी से 16 मार्च तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें क्रिकेट प्रेमियों को शानदार मैचों का मजा लेने का मौका मिलेगा।*

### ऑनलाइन स्ट्रीमिंग में दर्शकों की संख्या लाखों में

लीजेंड 90 लीग पहली बार भारत में आयोजित किया गया है और इस मुकाबले पर करोड़ों क्रिकेट प्रेमियों की नजरें टिकी हुई हैं। जबकि ऑनलाइन लाखों लोग मैच का लाइव आनंद ले रहे हैं, स्टेडियम में दर्शकों की संख्या अब भी बेहद कम है। रोज दो मुकाबले खेले जा रहे हैं, जिसमें पहला मैच 4 बजे और दूसरा 7 बजे से शुरू होता है। हालांकि इन मैचों का आकर्षण अभी भी सीमित दिखाई दे रहा है, क्योंकि स्टेडियम में प्रत्येक स्टैंड में महज 50 से 80 दर्शक ही दिखाई दे रहे हैं। इसके बावजूद, ऑनलाइन स्ट्रीमिंग में दर्शकों की संख्या लाखों में बनी हुई है। क्रिकेटप्रेमियों का यह उत्साह तब और बढ़ सकता है जब चुनाव खत्म होंगे।

### सीसीपीएल लीग से भी कम दर्शक

लीजेंड 90 लीग में इंटरनेशनल लेवल के स्टार खिलाड़ियों की उपस्थिति के बावजूद दर्शकों की संख्या सीसीपीएल लीग से भी कम रही है। आयोजकों का कहना है कि अन्य राज्यों और देशों में इस लीग के मैचों में दर्शकों की उपस्थिति हजारों में रहती है, लेकिन रायपुर में उतना उत्साह नहीं देखा जा रहा है। यह बात भी दिलचस्प है कि छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ द्वारा पिछले साल जुन में आयोजित सीसीपीएल लीग में, जब कोई भी स्टार खिलाड़ी नहीं था और स्कूल-कॉलेज की परीक्षा हो चुकी थी, तब रोजाना हजारों दर्शक मैच का आनंद लेने पहुंचे थे। खासकर फाइनल में, जब 40 हजार से भी अधिक दर्शकों की भीड़ ने उस लीग को यादगार बना दिया था।

# मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेने पहुंचे निगम आयुक्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- मतदान दलों के लिए छाया, बैठने की व्यवस्था सहित मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली
- नगर निगम चुनाव के लिए कल होगा मतदान

नगर निगम प्रशासक डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने रविवार को शहर के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान दलों के लिए बैठने की व्यवस्था, छाया सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के उपलब्धता की जानकारी ली। प्रत्यक्ष अवलोकन के दौरान नगर निगम उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा, जोन-2 कमिश्नर डॉ. आरके डोंगरे, जोन-3 कमिश्नर विवेकानंद दुबे, जोन-4 कमिश्नर अरुण ध्रुव सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों में पार्षद और महापौर के लिए 11 नवंबर को होने जा रहे मतदान के तैयारियों को लेकर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने अलग-अलग जोन के मतदान केंद्रों में पहुंचकर वहां की व्यवस्था का अवलोकन किया। निगम जोन-2 के अंतर्गत दुर्गा कॉलेज परिसर के मतदान केंद्रों, जोन-3 क्षेत्र के तहत बीटीआई शंकर नगर और शासकीय शिक्षा महाविद्यालय शंकर नगर, शासकीय स्वामी आत्मानंद स्कूल मोवा, आदर्श नगर मोवा स्कूल के मतदान केंद्रों का निगम आयुक्त ने अवलोकन किया। इसी तरह पुरानी बस्ती क्षेत्र स्थित सरस्वती कन्या शाला, सामाजिक वानिकी वनमण्डल परिसर के मतदान केंद्रों में पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश देकर व्यवस्था दुरुस्त करने कहा।

### न्यायालय विवाह अधिकारी रायपुर (छ.ग.)

### फार्म 'अ'

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री बंशीराम गेन्डरे पिता श्री संतदास गेन्डरे निवासी 130 ग्राम गोंदवारा वार्ड नं. 03 पो. सरोरा थाना उरला जिला रायपुर एवं कु. चन्द्रशीला यादव पिता श्री राकेश यादव निवासी ग्राम गोंदवारा पो. सरोरा थाना उरला जिला रायपुर ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 06 मार्च, 2025 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नही होगी, तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 04 फरवरी, 2025 को इस न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर

विवाह अधिकारी, रायपुर (छ.ग.)

## पेज 9 के शेष

### 3 साल में 3.84 करोड़...

इतनी बड़ी राशि का उपयोग किसी अन्य कार्यो के लिए किया जा सकता था। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने संबंधित कंपनी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इस आधार पर कंपनी को अगले तीन साल के लिए काली सूची में डाल दिया गया और उन्हें शासकीय स्तर पर उपकरणों की सप्लाई के साथ रखरखाव के कार्यों से अलग किया गया।

### रशियन कॉलगर्ल के लिए...

भाई के आने के बाद लड़की उपलब्ध हो पाने की बात कहते हुए दिख रहा है। स्टिंग ऑपरेशन के दौरान जानकारी मिली कि बाहर से आने वाली विदेशी युवतियों का एक रात के लिए सौदा 15 हजार से लेकर 25 हजार रुपए तक में किया जाता है। इसमें खाने-पीने, रुकने तथा शराब का खर्च दलाल को वहन करना पड़ता है।

**सरगना से होता है सौदा**- सेक्स रैकेट से जुड़े मुख्य सरगना बाहर से विदेशी लड़की आने के बाद अपने दलालों से संपर्क करते हैं। इसके बाद मुख्य सरगना स्थानीय दलालों से दिन के हिसाब से लड़कियों का सौदा फिक्स करते हैं। मुख्य सरगना सीधे ग्राहकों से संपर्क नहीं करते। इस वजह से सेक्स रैकेट संचालित करने वाले सरगना तक पुलिस नहीं पहुंच पाती।

**रायपुर में पकड़ी गई युवती, वकील तलाकशुदा** -पिछले दिनों पुलिस ने सेक्स रैकेट के आरोप में जिन दो विदेशी युवतियों के साथ एक सरकारी वकील को गिरफ्तार किया है। उनके बारे में पुलिस को तीनों के तलाकशुदा होने की जानकारी मिली है। पुलिस के अनुसार, सेक्स रैकेट के आरोप में जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से एक डायरी मिली है। डायरी में कोडवर्ड में कई लोगों के नाम मिले हैं, जिसे पुलिस डिकोड करने का प्रयास करने की बात कह रही है।

**कार्रवाई के बाद सहमे दलाल** - सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ होने के बाद स्थानीय दलाल सहमे हुए हैं। दलाल ने पूर्व में बाहर से जो लड़कियां बुलाई थीं, उन्हें तत्काल जाने के लिए कह दिया है। कई दलालों ने लड़कियों को वापस भेजने अपने स्तर पर इंतजाम किया है। देह व्यापार के अवैध कारोबार से जुड़े लोगों के मुताबिक, बाहर से आने वाली विदेशी लड़कियों के होटल में रुकने की स्थिति में उनसे सी-फार्म नहीं भरवाया जाता। इसकी वजह विदेशी लड़कियों की पहचान छिपाना है। बाहर से बुलाई गई लड़कियों के लिए स्थानीय दलाल अपने पहचान पत्र के आधार पर होटल में रुकने की व्यवस्था करते हैं।

### जेवर चमकाने का झांसा...

दरवाजा खटखटाने के बाद घर के बाहर पड़ी चारपाई पर बैठ गए। महिला के घर के अंदर से निकलने के बाद शातिरों ने उन्हें कहा कि वे घर की टाइल्स चमकाने के साथ कांसा, पीतल तथा तांबे का बर्तन चमकाने का काम करते हैं। बातचीत के दौरान शातिर एक तांबे का लोटा साफ कर महिला को दे दिया। गिरफ्तार आरोपी में शंभू शाह पूर्व में उत्तरप्रदेश में ठगी, चोरी के आरोप में जेल जा चुका है।

### फरवरी के बिल में...

से अब तक का जो टैरिफ तय किया है, उसके कारण छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने लारा से जो बिजली खरीदी है, उसमें 15 सौ करोड़ का अंतर आया है। अब यह राशि छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी को छह किस्तों में देनी है, इसलिए उपभोक्ताओं से इसकी वसूली छह किस्तों में छह माह तक होगी। इसका प्रारंभ दिसंबर के बिल से हो चुका है।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

अब नई जगह ओम डेन्टल हॉस्पिटल
- दर्द रहित रूट कैनाल ट्रीटमेंट (RCT) Painless • डेंटल इम्पलांट (Dental Implants)
- टेढ़े मेढ़े दांतो का इलाज (INVISALIGN) Clear Aligners द्वारा • दांतो की Scaling & Polishing
- दांतो की Bleaching • दांत दर्द और सेंसिटिविटी कैविटी और दांतों का सड़ना • मुंह के संक्रमण
- मसूड़ों की बीमारी • अक्ल दाढ़ निकालना • दांतों की सफाई • सभी प्रकार के दंत रोगों का इलाज
गंभीर देखभाल: मसूड़ो का गंभीर संक्रमण, ओरल कैंसर, डेंटल एब्सेस, टीएमजे समस्या, टूटे या फंसे दांत
117, मेन रोड समता कालोनी, पंजाब नेशनल बैंक के सामने, रायपुर 0771-4064222, 8305948040

जीवन ज्योति होम्योपैथी क्लीनिक
रोग निदान — 17 वर्षों से आपके सेवा में
- महिला संबंधी रोग : अनियमित मासिक धर्म, पी.सी.ओ.डी.
- अस्थि रोग : अर्थाइटिस, सायटिका फ्रोजन सोल्डर, स्पॉंडिलाइटिस
- पुरूष संबंधित रोग : कमजोरी, हाइड्रोसील, नाक, कान, गला व श्वास संबंधित रोग
- चर्म रोग : एक्जीमा, सोरिएसिस, सफेद दाग, शरीर में गठान, मस्से, झाइ
- पाचन संबंधी रोग : एसीडिटी, अल्सर, बवासीर, कब्ज
- किडनी एवं हृदय रोग : पथरी, यूरीन इंफेक्शन, बीपी
- शिशु रोग : सर्दी, खांसी, बुखार
- स्नायू (वर्व) रोग : मिर्गी, माइग्रेन, पैरालाईसीस
- केश रोग : बालो का झड़ना, रूसी, एलोपेसिया,
सुगर, थाईराइड, मोटापा, मानसिक रोग, तनाव, चिड़चिड़ापन, डिप्रेशन, नींद की बिमारी
डॉ. रंजीता जायसवाल
BHMS. (BHOPAL)
Ex. RMO Maharana Pratap Homoeopathic College & Hospital Raipur (C.G)
अपॉइंटमेंट हेतु कॉल करें: 84351-99964
शॉप नं. 5, शुभम विला अपार्टमेंट, मेनरोड, न्यू राजेन्द्र नगर मेडिशाइन हॉस्पिटल के पास, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

अपील

@DEEPTI_DUBEY_

नामः - दीप्ति प्रमोद दुबे
पति का नाम : - प्रमोद दुबे (पूर्व महापौर एवं सभापति, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग).
शिक्षा : - एम.ए. - सायकोलॉजी, हिंदी साहित्य, पत्रकारिता
व्यवसाय : - साईकोलाजिस्ट एवं डायरेक्टर अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल
अनुभव : - राजनीतिक पृष्ठभूमि के कारण राजनीतिक एवं प्रशासनिक कार्यों का 2 दशक का अनुभव.

प्रिय आत्मीयजनों,
मेरी आप सभी से अपील है कि आप उसी प्रत्याशी को चुनें, जो आपको जानता हो, पहचानता हो और आपके सुख-दुख में आपके साथ खड़ा रहता हो।

किसे चुनें?
- जिसे रायपुर से प्रेम है, जिसका घर है, जिसकी खुशहाली और सुरक्षा उनकी जिम्मेदारी है।
- बीते एक साल में प्रदेश सरकार विफल रही, रायपुर में अपराध और लूटपाट की घटनाएँ बढ़ी हैं।
- अगर हर पद पर एक ही पार्टी के लोग होंगे, तो जनता की आवाज दबा दी जाएगी।
- तानाशाही और मनमानी के षड्यंत्र को हमें मिलकर रोकना होगा।
- हम सशक्त, सुरक्षित और समृद्ध रायपुर बनाने के लिए संकल्पित हैं।
- आप ऐसी शहर सरकार चुनें, जहाँ जनता की आवाज सुनी जाए, जहाँ मनमानी न हो।
- मेरे पति श्री प्रमोद दुबे के कार्यकाल में रायपुर ने विकास की नई ऊँचाइयों को छुआ।
- स्वच्छता, सौंदर्यीकरण, आधुनिक लाइब्रेरी और जनहित के कार्य हमारी प्राथमिकता रहे हैं।
- जाति-धर्म की राजनीति से ऊपर उठकर, अपने सुख-दुख में साथ निभाने वाले को वोट दें।
- यह सिर्फ चुनाव नहीं, बल्कि रायपुर के भविष्य का सवाल है - सोच-समझकर निर्णय लें।

EVM मशीन में 1 नं बटन दबाकर विजयी बनाएं
1 दीप्ति प्रमोद दुबे
01 नंबर
दीप्ति प्रमोद दुबे
कांग्रेस, महापौर प्रत्याशी (रायपुर)
मतदान : 11 फरवरी 2025 | पंजे पर बटन दबाएं!
प्रेषक: ज़िला शहर कांग्रेस कमिटी, रायपुर

# चकल्लस

## निजी स्कूलों की अब खुली पोल

प्रदेश में शिक्षा का गोरखधंधा धड़ल्ले से चल रहा है। यहां पर पहले पांचवीं और आठवीं तक विद्यार्थियों को आगे क्लास में प्रमोट कर दिया जाता था। अब राज्य सरकार ने इसकी परीक्षा बोर्ड से कराने का निर्णय लिया है। प्रदेश के अधिकांश निजी स्कूल, जो सीजी बोर्ड में पंजीकृत हैं, वे अपने को सीबीएसई पंजीकृत बताकर छात्रों का प्रवेश ले लेते थे। उसके आधार पर ही पालकों से मोटी रकम फीस के रूप में वसूलते थे। राज्य सरकार के इस निर्णय से उनकी पोल खुली और छात्रों की परीक्षा सीबीएसई के बजाय सीजी बोर्ड से होने की जानकारी पालकों को दे रहे हैं।

## फोकट का चंदन

प्रदेश की एक बड़ी पंचायत के अफसर महाकुंभ में अपने पाप धोने जा रहे थे। अपने कुछ साथियों के साथ उन्होंने सरकारी वाहन से ही जाने का प्लान बनाया। उनकी सवारी बस यहां से निकलकर महज 60 किमी पहुंची ही थी कि दूसरी गाड़ी से भिड़ गई। गंभीर हादसे में इनोवा का कचूमर निकल गया, लेकिन कोई चोट नहीं आई। दूसरी गाड़ी के सवार भी घायल हो गए। हादसे के बाद पुलिस भी वहां पहुंची। मामला निजी यात्रा से संबंधित था, अतः दरोगा के हाथ-पैर जोड़कर एफआईआर रुकवाई। अफसर के साथ हादसे जानकारी मिलने पर उनके परिचित ने कहा, पापियों के लिए महाकुंभ जाना जरूरी नहीं, फोकट का चंदन घिसने वालों को गंगा में नहीं खारुन में ही पाप धोने चाहिए।

## महतारी का वंदन

राजनीति में एक ही चीज मायने रखती है...जीत। उसके अलावा कोई अर्थ नहीं। पार्षद से लेकर महापौर तक इस बार चुनाव हो रहे हैं। भाजपाईयों की सरकार है। सो गिनाने के लिए बहुत कुछ है। लेकिन वोट पाने का सबसे तगड़ा जुगाड़ उम्मीदवारों ने कर लिया है। उन्होंने महतारी वंदन की राशि लेने वाली महतारी की लिस्ट ले ली है। कॉल सेंटर वालों को ठेका दे दिया है। अपने इलाके में चुन-चुनकर फोन कर रहे हैं। फोन करके पहले पूछा जा रहा है, आपको महतारी वंदन का लाभ मिल रहा है या नहीं। हां में जवाब होने पर, सीधा कहा जा रहा है, आपको भाजपा के फलाने पार्षद प्रत्याशी और महापौर कमल छाप पर बटन दबाना है...बात खतम।

## मछलियां फंसीं, मगरमच्छ बचे

मोक्षित कांड में कंपनी का एमडी जेल यात्रा पर है। ईओडब्ल्यू ने आधा दर्जन अफसरों से पूछताछ भी कर ली है। इनमें से ज्यादातर दवा निगम में काम करने वाले या काम कर चुके भ्रष्ट अफसर हैं। मतलब सप्लायर और साहब के बीच मीडिएटर टाइप के अफसर। आग लगेगी तो आएंगे कई घर जद में की तर्ज पर आंच आईएएस तक पहुंच गई। खबरी बता रहा था कि उनसे अब तक कोई पूछताछ नहीं की गई है। खबर यहां तक है कि पूछताछ होने की संभावना भी कम ही है। खबरी बता रहा था कि विधानसभा सत्र से पहले कुछ और मछलियों को अंदर कर दिया जाएगा ताकि सवाल हों तो जवाब दिया जा सके। लेकिन मगरमच्छ...वो तो शायद कभी जाल में फंसे ही नहीं।

## मोक्षित पार्ट टू...

दवा निगम के कारनामे इतने ज्यादा हैं कि अगर सालभर लगातार खबर लिखी जाएं तो भी कुछ बच जाएगा। इतने कांड किए हैं। एक मोक्षित का मामला ही नहीं है। खबरी बता रहा था कि दूसरी कंपनी के नाम पर लंबी-चौड़ी शिकायत हो गई है। स्टार्ट अप के तौर पर जब कंपनी शुरू हुई तो एक आईएएस और दिल्ली के नेता ने उसमें अपना हिडन पार्टनरशिप की। वह देखते ही देखते तीन चार साल में पांच सौ करोड़ की कंपनी बन गई। उसका कारनामा ऐसा है कि एक ही टेबलेट सप्लाई करके करोड़ों कमा लिए। ऐसी दवाएं सप्लाईं कर डालीं जो दूसरे प्रदेशों में आधे से भी कम रेट में सप्लाई की गईं। ऐसे कारनामों के दस्तावेज सामने आने वाले हैं। खबरी बता रहा था कि ईओब्ल्यू के एक्शन से कंपनी के कर्ताधर्ता इतने खौफ में हैं कि शिकायतकर्ता के पास सेटिंग करने पहुंच गए।

## सीजीएमएससी में हाई अलर्ट

दवा घोटाले में अफसरों की बराबर की भागीदारी होने के खुलासे के बाद छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड में हाई अलर्ट का अलार्म बज गया है। मुख्य द्वार पर आवक-जावक की एंट्री की जिम्मेदारी सुरक्षा गार्ड से लेकर बाबू स्तर तक के कर्मचारियों को दी गई है। कार्यालय में किसी भी बाहरी तत्व की एंट्री के लिए हाईकमान की परमिशन अनिवार्य कर दी गई है। विभागीय स्तर पर अधिकारियों से लेकर निचले स्तर के कर्मचारियों को भी अन्य लोगों से ज्यादा बात करने पर रोक लगाई गई है। विभाग में इस बात की चर्चा है कि कॉर्पोरेशन के अफसरों को इस बात का डर है कि इस घोटाले के चक्कर में दूसरी गड़बड़ी बाहर न आ जाए।

## 5 साल की चुप्पी ...

नेताजी के खास चहेते मेंबर ने एक नहीं, दो नहीं, पूरे पांच सामुदायिक भवनों को किराए पर चढ़ा दिया। जनता के लिए बनाई गई प्रॉपर्टी का ऐसा दुरुपयोग कि कहीं इसे कंट्रोल दुकान वालों को रेंट पर दिया गया तो कहीं कोचिंग वाले तर गए। बात यही खतम नहीं होती, वार्ड का एक सामुदायिक भवन तो मजदूरी करने वालों को किराए पर दे दिया। यह बात अपोजिशन वालों को हजम नहीं हुई। चुनाव आते ही वे चिल्ल-पों मचा रहे हैं। मेंबर को डर है कि विरोधियों की 5 साल की चुप्पी चुनाव में भारी न पड़ जाए। सो कह रहे हैं, हमने ऐसा किया नहीं, ऐसा किया होता तो अब तक चुप क्यों रहे?

## टाइम का फंडा...

केनवासिंग करने वालों को नेताजी कहते फिर रहे हैं, प्रचार करना है तो एक कैंडिडेट का करो। दूसरी पार्टी में डंडा, झंडा लेकर चलते दिखे तो दोबारा मेरे पास मत आना। मानने वाले मानें तब न, सीजनल काम है, सो टाइम मैनेजमेंट सेट कर चल रहे हैं। सुबह किसी का, और शाम को किसी का प्रचार। नेताजी उनसे भी चालाक निकले, चंगू-मंगू को पर्ची देकर कहा कि प्रचार में जो भी जाए, उनकी फोटो खींचो और टाइमिंग भी बताते जाओ। बिना टाइमिंग के पेमेंट नहीं होगा। इसे कहते हैं नहले पर दहला।

## रुमाल बिछा दिया है...

छत्तीसगढ़ में अब पूर्व हो चुके एक नौकरशाह की हैसियत और रुतबे से राज्य की अफसर बिरादरी में खलबली है। दरअसल इन साहब ने कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में प्रमोशन पाकर कार्यकाल पूरा किया। रिटायर होने पर संविदा का आदेश ले आए। फिर सरकार बदली तो एक बार फिर छह महीने का एक्सटेंशन करा लिया। यही नहीं, एक्सटेंशन की अवधि समाप्त होने के बाद भी तीसरी बार सेवावृद्धि की चर्चाओं में बने रहे। आखिरकर रिटायर हो ही गए, लेकिन खबरी को पता है कि वे अभी भी छत्तीसगढ़ से जाने को तैयार नहीं हैं। खबर है कि रिटायरमेंट के बाद मिलने वाले एक बड़े पद पर उनकी नजर है और उन्होंने रुमाल भी बिछा दिया है।

## दिल्ली नतीजों का डर यहां भी

वैसे तो दिल्ली के विधानसभा चुनावों का छत्तीसगढ़ से कोई सीधा लेना-देना नहीं है, लेकिन वहां से मिले जनादेश को लेकर छत्तीसगढ़ में भी सियासी खलबली है। यहां हो रहे नगरीय निकायों के चुनावों में अब भाजपा के लोग कह रहे हैं, जैसे नतीजे दिल्ली में आए और भाजपा जीती है, वैसा ही नगरीय निकाय चुनाव में भी होने वाला है। यहां तक तो ठीक है, लेकिन दिल्ली में जिस आप पार्टी की करारी हार हुई है, उसी पार्टी के छत्तीसगढ़ निकाय चुनाव के प्रत्याशियों में बड़ी खलबली है। उन्हें इस बात का डर सताने लगा है कि दिल्ली का असर यहां हुआ तो हार तक तो ठीक है, पर जमानत बचाना मुश्किल हो जाएगा।

जिया कुरैशी, राजकुमार ग्वालानी, सुरेंद्र शुक्ला
प्रदीप शर्मा, विकास शर्मा

# सालभर पहले मंत्री ने की 'रोबोटिक सर्जरी' की घोषणा, प्रस्ताव अब ठंडे बस्ते में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

निजी अस्पतालों की तर्ज पर आंबेडकर अस्पताल में मरीजों की रोबोटिक सर्जरी की योजना महज घोषणा ही रह गई। लगभग 20 करोड़ की लागत से पूरी होने वाले इस योजना से ज्यादा संख्या में ऑपरेशन किए जा सकते थे। घोषणा के बाद अस्पताल प्रबंधन की ओर से इसका प्रस्ताव भेजा गया, मगर विभागीय स्तर पर इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।

जानकारी के अनुसार, राजधानी के चार बड़े निजी अस्पताल कैंसर, जनरल और यूरो सर्जरी विभाग के मरीजों को इस रोबोटिक सर्जरी की सुविधा देते हैं। रोबोट के माध्यम से सर्जरी कम समय मे पूरी होगी और कंप्यूटर के माध्यम से कमांड पूरे किए जाने की वजह से किसी तरह के दुष्परिणाम का जोखिम भी नहीं रहता। आंबेडकर अस्पताल के कैंसर विभाग में करीब पांच साल पहले इसकी योजना बनाई गई थी, मगर फंड के अभाव में मामला ठंडा पड़ गया था। सालभर पहले स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने इस सुविधा के लिए पूरा सहयोग करने की घोषणा की थी। सुविधा के विस्तार की आस में अस्पताल प्रबंधन की ओर से रोबोटिक सर्जरी का प्रस्ताव बनाकर विभागीय स्तर पर भेजा था। इसमें करीब 20 करोड़ का खर्च आना था। प्रस्ताव विभाग के आला अधिकारियों तक पहुंचा और ठंडे बस्ते में चला गया।

## निजी अस्पतालों की तर्ज पर आंबेडकर अस्पताल में दी जानी थी सुविधा

### तीन घंटे का काम 30 मिनट में

सूत्रों के अनुसार, रोबोटिक सर्जरी के माध्यम से तीन से चार घंटे तक होने वाले बड़े ऑपरेशन भी महज आधे से पौन घंटे में पूरे किए जा सकते हैं। सर्जरी के दौरान रक्तस्राव की मात्रा काफी कम होने, जोखिम कम होने और जल्दी रिकवरी होने की संभावना अधिक होती है। कंप्यूटर की मदद से कमांड होने की वजह से इसके लिए कम मानव संसाधन की आवश्यकता होती है।




### मिलेगी नई सीटी स्कैन मशीन

इधर बीमारी और चोट की गंभीरता की जांच के लिए आंबेडकर अस्पताल के मरीजों को नई सीटी स्कैन मशीन शीघ्र मिलने की उम्मीद है। शासन की ओर से मशीन की खरीदी के लिए राशि का आवंटन सीजीएमएससी को कर दिया गया है। वर्तमान में रेडियो डायग्नोसिस विभाग में लगी मशीन काफी पुरानी हो चुकी है, जिसकी वजह से यह पूरी क्षमता के साथ अपना काम नहीं कर पाती है।

## बिलासपुर जोन में 8 हॉट बॉक्स डिटेक्टर इंस्टॉल

# ट्रेन में नहीं फैलेगी आग की अफवाह, अब हॉट बॉक्स से मिलेगी सटीक जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

चलती ट्रेन में अचानक हॉट एक्सल की घटनाएं कई बार बड़े हादसों का कारण बन चुकी हैं। हल्की-सी चिंगारी या धुआं फैलने से आग लगने की अफवाह फैल जाती है, जिससे यात्री अपनी जान बचाने के लिए ट्रेन से कूद जाते हैं। पिछले एक साल में ऐसी तीन घटनाएं हुईं, जिनमें कई यात्रियों की जान गई। ऐसी घटनाओं से सबक लेते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने रोकथाम के लिए हॉट बॉक्स डिटेक्टर की तकनीक उपयोग में लाई, इससे घटनाओं पर अंकुश लगेगा। सीपीआरओ ने बताया कि 8 हॉट बॉक्स डिटेक्टर इंस्टॉल किए जा चुके हैं। इसके लगाने का काम जारी है।

बता दें कि ट्रेनों के पहियों की निरंतर गतिशीलता के कारण कभी-कभी बाल बेयरिंग विफल हो जाता है, जिससे पहिए (एक्सल) के तापमान में अचानक बढ़ोतरी होती है। यह समस्या ओवरलोडिंग, बेयरिंग की दोषपूर्ण स्थिति या अन्य तकनीकी कारणों से उत्पन्न हो सकती है। हॉट एक्सल के कारण अचानक आग लगने का खतरा रहता है। इसे रोकने के लिए अब रेलवे द्वारा हॉट बॉक्स डिटेक्टर जैसी तकनीक का उपयोग किया जाएगा।



### ट्रेन के पहिए का तापमान मापने में सक्षम

हॉट बॉक्स डिटेक्टर 130 किमी प्रतिघंटे की गति से चलने वाली ट्रेन के पहिए का तापमान मापने में सक्षम है। इसकी मदद से ट्रेन के गुजरने के एक मिनट के अंदर ट्रेन के प्रकार, गति, पहिए के तापमान में अंतर का डाटा स्टोर किया जा सकता है। दो प्रॉक्सिमिटी सेंसर, दो इंफ्रारेड सेंसर व एक एचएबीडी बॉक्स से मिलकर बना है। प्रॉक्सीमिटी सेंसर ट्रेनों की गति, दिशा और लोड के प्रकार को बताता है, जबकि इंफ्रारेड सेंसर पहिए पर फोकस कर तापमान को मापता है। सारे संकेत हॉट एक्सल एवं हॉट बॉक्स डिटेक्टर को भेज देता है, जहां से इस मशीन के सॉफ्टवेयर में अंकित मोबाइल नंबरों पर सूचना पहुंच जाती है।

### इस तरह काम करेगा डिटेक्टर

स्टेशन के आउटर पर हॉट बॉक्स डिटेक्टर का सेंसर ट्रेन आने का सिग्नल आते ही अलर्ट हो जाएगा। इससे निकलने वाली लेजर से ट्रेनों के पहिए की निगरानी की जा सकेगी। ट्रेक के किनारे लगने वाला उपकरण हॉट एक्सल या ब्रेक जाम होने की स्थिति में उसे भांप लेगा और रेलवे कंट्रोल को तुरंत इसकी ऑटोमेटिक सूचना मिल जाएगी। पहिए के तापमान की स्थिति और अन्य तकनीकी जानकारियां भी रिकॉर्ड हो जाएंगी। साथ ही नजदीकी स्टेशन पर लगे सिस्टम में भी समस्त सूचनाएं पहुंच जाएंगी। संबंधित विभाग के कर्मचारियों के मोबाइल पर भी अलर्ट मैसेज जाएगा। इससे समय रहते ही कर्मचारी गड़बड़ी को ठीक कर सकेंगे।

### डिटेक्टर लगाने का काम जारी

हॉट बॉक्स डिटेक्टर लगाने का काम जारी है। अभी तक 8 डिटेक्टर को इंस्टॉल किया जा चुका है। इस तकनीक से बोगियों के पहिए में आग की घटनाओं पर काफी हद तक अंकुश लग पाएगा।

*- डॉ. सुरकर विपुल विलासराव*
*सीपीआरओ, दपूमरे*

# ट्रेन से गांजा तस्करी, रेलवे स्टेशन पर धरे गए दो शातिर



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ट्रेन के जरिए गांजा तस्करी करने वाले शातिर तस्करों को पकड़ने में जीआरपी को बड़ी सफलता मिली है। स्टेशन पर चेकिंग के दौरान प्लेटफार्म नंबर 1 के पास ट्रेन का इंतजार कर रहे दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया, जिनके पास 10 किलो से अधिक मादक पदार्थ गांजा पाया गया। पुलिस ने आरोपी विवेक धाकड़ और मनीष मैथिल को गिरफ्तार किया। विवेक धाकड़ के पास 5 किलो 220 ग्राम गांजा था, जिसकी कीमत लगभग एक लाख 4 हजार 400 रुपए है, जबकि मनीष मैथिल के पास 5 किलो 240 ग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी कीमत एक लाख 4 हजार 800 रुपए है। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। जीआरपी ने बताया कि यह कार्रवाई ट्रेन के जरिए गांजा तस्करी की घटनाओं पर कड़ी नजर रखते हुए की गई है। नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक रेल रायपुर श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा व उप पुलिस अधीक्षक एसएन अख्तर के निर्देश पर लगातार चेकिंग अभियान जारी है।

- **मुनिगुड़ा ओडिशा से भोपाल तक गांजा तस्करी, कॉल डिटेल्स की जांच**

### गांजा भोपाल ले जाने की थी योजना

दो तस्करों के पास कुल 10 किलो 460 ग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। आरोपी विवेक धाकड़ और मनीष मैथिल के कब्जे से गांजा के अलावा दो मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। आरोपियों ने यह गांजा मुनिगुड़ा ओडिशा से लेकर भोपाल मध्यप्रदेश जाने की योजना बनाई थी। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (बी) के तहत मामला दर्ज किया गया है और उन्हें शनिवार को विशेष एनडीपीएस न्यायालय रायपुर में पेश किया गया, जहां उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। इस बीच जब्त किए गए मोबाइल के कॉल डिटेल्स से जांच की जा रही है, ताकि तस्करी के नेटवर्क का खुलासा किया जा सके।

# सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण, छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



केयर स्किल फाउंडेशन द्वारा ग्राम सांकरा स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल और धरसींवा में रविवार को निशुल्क सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण हमिशन स्ट्रॉनाहरर का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में 220 छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में सेल्फ डिफेंस एक्सपर्ट हर्षा साहू (अंतर्राष्ट्रीय कराटे खिलाड़ी) व सहायिका प्रतिमा कुमार ने छात्राओं को आत्मरक्षा के विभिन्न महत्वपूर्ण तकनीकों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि आत्मरक्षा न केवल सुरक्षा के लिए आवश्यक है, बल्कि यह आत्मविश्वास बढ़ाने और विपरीत परिस्थितियों में अपने बचाव के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है। केयर स्किल फाउंडेशन द्वारा किए गए इस प्रयास की सराहना करते हुए विद्यालय प्रबंधन ने और भी एक्टिविटीज आयोजित कराने की इच्छा व्यक्त की। कार्यक्रम में फाउंडेशन के सचिव केंद्रिश श्री साहू, सनील जांगड़े, रेणुका वर्मा, अनिता धोवर, यमन साहू, दीपक साहू, अनिता साहू, भूमिका साहू, हेमा मानिकपुरी, प्रकाश चंद कुर्रे आदि उपस्थित रहे।

## माकपा ने कांग्रेस के पक्ष में मांगा जनसमर्थन

रायपुर। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की रायपुर जिला समिति ने बयान जारी करते हुए कहा कि एक साल पूर्व विधानसभा चुनाव में सत्ता में आने के बाद से भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जनता को अपने गुस्से का इजहार जरूरी है। रायपुर सहित पूरे प्रदेश में भाजपा सरकार के राज में कानून व्यवस्था में भारी गिरावट है, राजधानी तो अपराधगढ़ और नशे के कर्मस्थली में बदल गया है । सत्ता में आने के बाद बिजली की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी गई, स्मार्ट मीटर के जरिए गरीब से बिजली तक छीन लेने और उसके निजीकरण का रास्ता खोला जा रहा है। माकपा ने इसीलिए आम जनता से भाजपा को हराने तथा इंडिया गठबंधन की प्रमुख सहयोगी कांग्रेस को अपना मत और समर्थन देने की अपील आम जनता से की है।






हरिभूमि लाइव
रायपुर, सोमवार 10 फरवरी 2025
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

मिर्गी का आयुर्वेद में भी उपचार संभव...

## लाइव इवेंट

# डिजिटल युग में गुमनामी और जटिल नेटवर्क से बढ़ रही मानव तस्करी



**रायपुर।** हिदायतुल्ला राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) द्वारा 'डिजिटल युग में मानव तस्करी का मुकाबला' विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एनएचआरसी के अध्यक्ष, माननीय न्यायमूर्ति वी. रामसुब्रमण्यम ने उद्घाटन भाषण दिया। उन्होंने अपराध के खिलाफ प्रभावी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कदम उठाने की आवश्यकता पर जोर दिया। बताया कि मानव तस्करी के मामलों में भारी वृद्धि हुई है, जो जटिल डिजिटल नेटवर्क की मदद से एक संगठित अपराध के रूप में सामने आ रही है। उन्होंने इस मुद्दे से निपटने के लिए डिजिटल नेविगेशन और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया।

### कठोरता की कमी के कारण सजा नहीं हो पाती

सेमिनार में छत्तीसगढ़ शासन की सचिव एवं आयुक्त, उत्पाद शुल्क, वाणिज्यिक कर आबकारी विभाग, आर. शंगीता ने अनुभवों के माध्यम से मानव तस्करी से निपटने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हालांकि राज्य सरकार ने मानव तस्करी को रोकने के लिए कई कदम उठाए हैं, फिर भी अधिकांश मामलों में प्रक्रियात्मक कठिनाइयों और कठोरता की कमी के कारण सजा नहीं हो पाती। उन्होंने विधि के छात्रों से जागरूकता पैदा करने, तस्करी के शिकार पीड़ितों की मदद करने और सरकारी प्रयासों में सक्रिय रूप से शामिल होने की अपील की।

### भोलेपन का फायदा उठाते हुए मानव तस्करी

एचएनएलयू के कुलपति प्रोफेसर डॉ. विवेकानन्दन ने मानव तस्करी के इतिहास को औपनिवेशिक काल से लेकर आधुनिक समय तक की स्थिति के माध्यम से समझाया। कहा कि औपनिवेशिक काल में गिरमिटिया मजदूरी, अफ्रीकी महाद्वीप से गुलामी और वर्तमान समय में गरीबी, आंतरिक संघर्ष, युद्ध और किशोरों की भोलापन का लाभ उठाते हुए मानव तस्करी के अपराध को अंजाम दिया गया है। उन्होंने यह भी टिप्पणी की कि इस तरह के अपराधों के डिजिटल रूप से संचालित होने के बावजूद इस पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया है।

## दो पालियों में हुई सीजीपीएससी की परीक्षा, परीक्षार्थियों ने कहाः छत्तीसगढ़ी भाषा के मुहावरों ने किया परेशान

# पीएससी ने पूछा- 408 को छत्तीसगढ़ी में कैसे लिखेंगे? सामान्य ज्ञान और गणित के सवाल रहे आसान

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने रविवार को दो पालियों में राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा आयोजित की, जिसमें छत्तीसगढ़ी के सवालों की अधिकता रही। पहली पाली की परीक्षा दोपहर 12 बजे खत्म हुई, जिसमें परीक्षार्थियों के चेहरे पर हल्की मुस्कान और थोड़ी उलझन देखी गई। हरिभूमि ने परीक्षार्थियों से बातचीत की तो उन्होंने बताया कि इस बार हिंदी में व्याकरण, छंद और जनरल नॉलेज के प्रश्न काफी आसान थे, लेकिन छत्तीसगढ़ी भाषा में पूछे गए कुछ मुहावरे जैसे सिरे पाव, खलताही बोली, जनजातियों के अनुष्ठांशीकार और कुडुक बोली ने उन्हें काफी परेशानी दी।

**रायपुर।** दूसरी पाली में सी-सेट के प्रश्नों में लाभ-हानि, ब्याज और बीजगणित से संबंधित प्रश्न आए, जो कि परीक्षार्थियों के लिए आसान थे। पेपर में आए इन आसान सवालों से छात्रों के चेहरे पर खुशी साफ नजर आई, और वे उम्मीद जताते हुए परीक्षा केंद्र से बाहर निकले। पहली पाली में सामान्य अध्ययन व दूसरी पाली में सीसैट का एग्जाम हुआ। परीक्षा में पूछा गया कि 408 को छत्तीसगढ़ी में कैसे लिखेंगे? इसके अलावा भी छत्तीसगढ़ से जुड़े प्रश्नों की भरमार रही। सामान्य अध्ययन के प्रश्न पत्र में छत्तीसगढ़ में विवाह के समय दूल्हा- दुल्हन द्वारा पहने जाने वाले परंपरागत मौर किस वृक्ष की पत्तियों से बनाए जाते हैं? पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्राम उद्योग शिल्प केंद्र किस शहर में संचालित है, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाबा पुरुषोत्तम दास का संबंध छत्तीसगढ़ के किस स्थान में था, छत्तीसगढ़ में स्टैंड अप इंडिया योजना के लिए कौन पात्र है, भोजली त्यौहार के लिए छोटी-छोटी टोकरियों में अनाज किस विशेष तिथि को बोया जाता है, छत्तीसगढ़ के किस जिले में सौर विशेष आर्थिक क्षेत्र विकसित किया गया है, कौन सी नदी महानदी की दाहिने तटवर्ती सहायक नदी है, छत्तीसगढ़ी कहावत जांगर के चलत ले का अर्थ। इस तरह के सवाल पूछे गए।






### कुछ मुहावरे पहले बार पढ़ने को मिले

परीक्षार्थी झम्मन ने कि इस बार छत्तीसगढ़ी भाषा के प्रश्नों ने उन्हें थोड़ा उलझन में डाल दिया। उन्होंने कहा कि इस बार सिरे पाव, खलताही बोली, जनजातियों के अनुष्टांशीकार, कुडुक बोली और छत्तीसगढ़ी में 408 को कैसे लिखा जाएगा, जैसे प्रश्न और मुहावरे पहली बार देखने को मिले। इन सवालों ने उनके दिमाग को सोचने पर मजबूर किया। हालांकि, झम्मन ने यह भी बताया कि इन प्रश्नों में अधिकतर सतही सवाल पूछे गए थे, जिनके उत्तर थोड़ा सोचने के बाद मिल सकते थे।

### विवादास्पद नहीं थे सवाल

सीजीपीएससी प्रीलिम्स परीक्षा में शामिल परीक्षार्थी दिव्या ने परीक्षा के बाद कहा कि इस बार पेपर का स्तर अच्छा था। दोनों पाली के पेपर में किसी भी तरह का विवादास्पद सवाल नहीं था। हिंदी के व्याकरण और छंद के सवाल भी ज्यादा कठिन नहीं थे और जनरल नॉलेज में बजट और नाट्य शास्त्र से संबंधित आसान प्रश्न पूछे गए थे। हालांकि, दिव्या ने यह भी बताया कि छत्तीसगढ़ी भाषा के कुछ प्रश्न जैसे सिरे पाव और खलताही बोली ने थोड़ी उलझन पैदा की। इस बार के पेपर को लेकर परीक्षार्थी उत्साहित दिखे, क्योंकि पेपर को उन्होंने पहले से अधिक सुलभ और समझने योग्य पाया।





### 'अकबर जगत गुरु' की उपाधि ने किया सोचने पर मजबूर

परीक्षार्थी आकाश ने बताया कि इस बार के इतिहास पेपर में अकबर जगत गुरु की उपाधि जैसे सवालों ने उन्हें थोड़ी देर सोचने पर मजबूर किया। ये सवाल कुछ हद तक विचारणीय थे और परीक्षार्थियों को अपनी समझ को परखने का अवसर दे रहे थे। वहीं, दूसरी पाली में सी-सेट में गणित के प्रश्न अपेक्षाकृत सरल था, जिसमें लाभ-हानि, बीजगणित और रिजनिंग से जुड़े सवालों की संख्या ज्यादा थी।

### योजनाओं से जुड़े सवाल काफी आसान

परीक्षार्थी रविंद्र बघेल ने बताया कि इस बार छत्तीसगढ़ी भाषा के कुछ प्रश्न उनके लिए थोड़ा कठिन थे, जो उन्हें परेशान करने वाले थे। हालांकि, सामान्य हिंदी में केंद्र सरकार की योजनाओं, आर्थिक सर्वेक्षण, इकोनॉमिक और अन्न दर्पण जैसी योजनाओं से जुड़े सवाल काफी आसान थे।

## सिटी इवेंट

# एलुमनी मीट में मिले पुराने दोस्त, लाइव फोटो के जरिए सहेजे अपने पल



**रायपुर।** अग्रसेन महाविद्यालय में 9 फरवरी रविवार को एलुमनी मीट का आयोजन हुआ। पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन महाविद्यालय परिसर में सुबह से उत्साह का माहौल दिख रहा था। कॉलेज परिसर में लोगों के चेहरे पर उत्साह के साथ पुराने यारों से मिलने की खुशी साफ झलक रही थी। इस दौरान जैसे-जैसे एलुमनी मीट का समय नजदीक आ रहा था, वैसे-वैसे कॉलेज परिसर में भीड़ बढ़ रही थी। ऐसा लग रहा था मानो कोई उत्साह मेला हो रहा है। साथ ही आनंद मेला में विद्यार्थियों ने अपने यार-दोस्तों के साथ चाट, पानीपुरी जैसे चटपटे व्यंजनों का आनंद लेते रहे। लाइव फोटो स्टॉल में तो भीड़ लगी रही, लोग अपने पुराने मित्रों के साथ अपनी फोटो को सहजने के लिए आतुर दिख रहे थे।

### यादों को झरोखे से भाव विभोर हुए छात्र-छात्राएं

एलुमनी मीट में दौरान पुराने छात्रों ने स्टेज पर जाकर अपनी बातों और यादों के झरोखे को जूनियर्स और टीचर के सामने रखा इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय में बिताये पुरानी यादों को रखा और हंसी ठिठोली की वहीं गीत में आ लग जा गले...कब के बिछड़े... आज यहां आके मिले....जैसे पुरानी गीतों के माध्यम से माहौल को भाव-विभोर कर दिया। गौरव राय ने अपने पुरानी बातों को याद करते हुए कहा कि महविद्यालय में बहुत कुछ बदल गया है, पर शिक्षकों का प्रेम आज भी वैसे ही है। इसी तरह कॉलेज के पूर्व छात्रों ने अपनी-अपनी यादें एलुमनी मीट में रखी और अंत में एक खूबसूरत फोटो के साथ कार्यक्रम का अंत किया।



### बेस्ट स्टॉल पुरस्कार आइसक्रीम स्टॉल को

कार्यक्रम में पहुंचे पुराने छात्र-छात्राएं, अभिभावक और वर्तमान छात्र-छात्राओं ने आनंद मेला का भरपूर आनंद लिया। इस दौरान प्रबंधन की टीम ने आनंद मेला में सबसे सुंदर और डेकोरेटिव स्टल का पुरस्कार आइसक्रीम स्टाल को दिया। इस बार के स्टॉल में खेल, एआई, वर्चुअल रिएलिटी और लाइव फोटो जैसे खास आकर्षण का केंद्र रहे। चाट गुपचुप से लेकर आइसक्रीम और पान के स्टॉल और गेम में छात्र-छात्राओं की भीड़ नजर आई। आनंद मेले में महाविद्यालय के छात्रों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

# नेट बैंकिंग मोबाइल या लैपटॉप से ही करें लॉग इन, साइबर फ्रॉड से बचने पासवर्ड रखें मजबूत

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर विज्ञान अध्ययनशाला में आयोजित पांच दिवसीय 'रिसेंट ट्रेंड्स इन आई, फिनटेक व सिक्योरिटी' कार्यशाला का समापन रविवार को हुआ। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों को नई तकनीकों से अवगत कराना था। विशेष रूप से फाइनेंस सेक्टर में अत्याधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीकों के उपयोग और साइबर फ्रॉड से बचाव पर चर्चा की गई। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग और इसके फाइनेंस सेक्टर में योगदान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। हरिभूमि से बातचीत में प्रोफेसर जेपी पात्रा ने बताया कि आने वाले समय में एआई का उपयोग साइबर फ्रॉड से बचने के लिए किया जाएगा। इस पर काम चल रहा है और यह तकनीक व्यक्ति की बैंकिंग सुरक्षा में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है।



### सैलरी और खर्च के लिए रखें दो खाते



शासकीय महिला पॉलिटेक्निक के इलेक्ट्रॉनिक्स व टेली कम्यूनिकेशन विभागाध्यक्ष डॉ. पीयूष लोटिया ने बताया कि यह फाइनेंस और टेक्नोलॉजी का मिश्रण है, जो आजकल हर व्यक्ति के जीवन का हिस्सा बन चुका है। चाहे वह छोटे फुटकर सब्जी विक्रेता हों या बड़ी कॉर्पोरेट कंपनियों में काम करने वाले लोग, फिनटेक का उपयोग अब आम हो चुका है। उन्होंने बताया कि साइबर धोखाधड़ी से बचने के लिए संभव हो तो दो बैंक खाते रखें। एक सैलरी के लिए और दूसरा खर्च के लिए। इसके अलावा, उन्होंने यह भी सलाह दी कि जो मोबाइल नंबर मुख्य बैंक खाते, आधार और पैन से लिंक हो, उसे किसी भी कॉमर्स ऐप पर रजिस्टर न करें।

# भगवान की भक्ति से संडे की शुरुआत सिखाई गई गुरुवंदन की प्रक्रिया



**रायपुर।** खरतर गच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणि प्रभ सूरीश्वर जी की पावन प्रेरणा से श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर में सौ से ज्यादा बच्चे संडे की शुरुआत स्नात्र महोत्सव से करने लगे हैं। दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद और महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि इस भौतिक युग में बच्चों के जीवन को धर्म के मार्ग पर मोड़ना जरूरी है। इसी उद्देश्य से गुरुदेव की प्रेरणा से प्रति संडे बच्चों को स्नात्र पूजा, चंदन पूजा और पूजा विधि के सूत्रों का अध्ययन कराया जाता है। दर्शनम देव देवस्य, दर्शनम पाप नाशनम, दर्शनम स्वर्ग सोपानाम, दर्शनम मोक्ष साधनम के पवित्र आत्म कल्याणकारी श्लोकों के साथ एक साथ सभी बच्चों ने श्री सीमंधर स्वामी जिन मंदिर में प्रभु प्रतिमा के सामने सामूहिक स्वर में पाठ किया।

कार्नर न्यूज

## एनआईटी में 3 दिवसीय वार्षिकोत्सव का भव्य समापन

# म्यूजिक नाइट से 'इक्लेक्टिका' का समापन, द ओजिस्ट डांस ग्रुप बना विनर



**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, एनआईटी वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव 'इक्लेक्टिका 25' का समापन हुआ। महोत्सव की शुरुआत गो ग्रीन क्लब द्वारा आयोजित स्नेकमेनिया से हुई, जिसमें नोवा नेचर फाउंडेशन के विशेषज्ञों ने सांपों, उनके आवास और उनके पारिस्थितिकीय महत्व के बारे में जानकारी दी। इस दौरान सफाई कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया और उनके समाज में महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम के अंत में महोत्सव के विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया, जिनके प्रदर्शन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।




### ट्रेडिशनल परिधानों से दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

*फैशन शो में प्रतिभागियों ने अपने ट्रेडिशनल परिधानों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्टूडेंट्स ने विशिष्ट शैलियों और आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान प्रत्येक प्रतिभागी ने अपनी अलग-अलग विशेषताओं को उजागर किया, जिससे दर्शकों का ध्यान आकर्षित हुआ। प्रतियोगिता के बाद विजेताओं की घोषणा की गई। आईटी विभाग के द्वितीय सेमेस्टर के छात्र विश्वनाथ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सिविल विभाग की चौथे सेमेस्टर की छात्रा श्रुति उपविजेता रही।*

### इलेक्ट्रॉनिक डांस एंड म्यूजिक नाइट से समापन



क्लैश ऑफ कोरियोस नृत्य प्रतियोगिता ने विभिन्न कॉलेजों से बड़ी संख्या में उत्साही प्रतिभागियों को आकर्षित किया। इस प्रतियोगिता में नृत्य की एक विस्तृत श्रृंखला प्रस्तुत की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने जो भेजी थी दुआ, माई नेम इज लखन और मल्हारी जैसी रोमांचक धुनों पर अद्भुत नृत्य प्रस्तुत किए। पंडित हरिशंकर कॉलेज, रायपुर के द ओजिस्ट क्रू (डांस ग्रुप) ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि उपविजेता का खिताब द क्रॉस क्रू डांस ग्रुप रायपुर के निशांत ने अपने शानदार एकल प्रदर्शन से जीता। कार्यक्रम का समापन इलेक्ट्रॉनिक डांस एंड म्यूजिक नाइट से किया गया, जिसका सभी ने भरपूर आनंद लिया।

**इवेंट लाइव**

## दिव्यांग बच्चों ने फिल्मी-देशभक्ति गीतों से जीता दर्शकों का दिल




**रायपुर।** श्रवण बधित दिव्यांगों ने सांकेतिक भाषा के माध्यम से रचनात्मक नृत्य और मनमोहक प्रस्तुति ने हॉल में बैठे लोगों के हाथों को उठाकर तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। 8 फरवरी शनिवार को श्रवण बाधित दिव्यांग अभिभावक की ओर से प्रज्ञा कर्ण बधिर शाला और छात्रावास का वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन सिविल लाइन स्थित वृंदावन हॉल में हुआ। कार्यक्रम की शुरूवात मुख्य अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर की गई। मुख्य अतिथि विधायक उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, समाजसेवी राजेश अग्रवाल, डॉ. चंद्रिका प्रसाद साहू मौजूद रहे। इस दौरान खेल और शैक्षाणिक गतिविधियों के लिए श्रवण बधित दिव्यांगों को पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथियों ने किया।

### बजती रहीं तालियां

वृंदावन हॉल में चल रहे वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में श्रवण बधित दिव्यांगों ने सांकेतिक भाषा के माध्यम से भक्तिमय गीत पर डांस प्रस्तुत किया। इस दौरान गणेश वंदना के साथ बच्चों ने वार्षिकोत्सव की शुरुआत की। इस दौरान हॉल में बैठे दर्शक उनके नृत्य के कायल हो गए और तालियां बजाने लगे। बच्चों के एक के बाद एक मनमोहक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में समां बांधे रखा। फिल्मी गीत... नाच मेरी जान..... हम सब एक... .बजने दे तड़क-भड़क जैसे गीतों पर नृत्य के माध्यम से दिव्यांगों ने अपने रचनात्मक कला का प्रदर्शन किया। स्कूल की कर्मचारी प्रिया ठाकुर और दीपाली करकशे को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके बाद शिक्षा और खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी पूर्वी साहू, रूपेश गौतम, भेखराम साहू , विवेक देवांगन और विकास साहू को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

### आंतरिक शाक्ति को प्रदर्शित करता है नृत्य

*इस अवसर पर कार्यक्रम के अतिथि पुरंदर मिश्रा ने कहा कि यह कार्यक्रम समावेश की शक्ति का प्रमाण है। नृत्य सभी सीमाओं को पार करता है, और आज, हमने इन बच्चों को इस सार्वभौमिक कला रूप के माध्यम से अपनी आंतरिक शक्ति और खुशी व्यक्त करते देखा। हमारा मिशन श्रवण-बाधित व्यक्तियों को सशक्त बनाना है और इस तरह का कार्यक्रम एक अधिक समावेशी समाज की ओर एक कदम है।*

**विश्व एपिलेप्सी दिवस पर आयुर्वेदिक चिकित्सकों ने साझा किया अनुभव, बोले- दवा सेवन से बचाव संभव**

# मिर्गी का आयुर्वेद में भी उपचार संभव, छग की दुर्लभ औषधि के नियमित सेवन से मिल रही राहत

'एपिलेप्सी (मिर्गी) एक ऐसी बीमारी है, जिसमें पीड़ित व्यक्ति हमेशा सामान्य व्यक्ति की अपेक्षा असहज होते हैं। यह एक तरह से मस्तिष्क से जुड़ा विकार है। इसमें व्यक्ति को बार-बार दौरे पड़ते हैं। मिर्गी के कारण व्यक्ति का दिमागी संतुलन बिगड़ जाता है। इससे पीड़ित व्यक्ति के चलते परिवार के लोग चिंतित रहते हैं। 10 फरवरी को विश्व मिर्गी दिवस है। इसे देखते हुए आयुर्वेदिक चिकित्सा से जुड़े एक्सपर्ट से बात करने पर उन्होंने अनुभव साझा किया। कहते हैं आयुर्वेद में मिर्गी के लिए जरूरी औषधि छत्तीसगढ़ में उपलब्ध है।'




### पीड़ित में पाए जाते हैं ये लक्षण

मिर्गी पीड़ितों का दिमागी संतुलन बिगड़ जाता है। उनको तेज रोशनी से भी परेशानी होती है। ऐसे लोग अचानक बेहोशी की स्थिति में पहुंच जाते हैं। इनके हाथ-पांव में झटके पड़ने से मांसपेशियों में तनाव की समस्या होती है। मिर्गी के समय उनके मुंह से झाग भी आता है। इस तरह की शिकायत होने पर संबंधित व्यक्ति को आयुर्वेदिक चिकित्सकों की मदद लेनी चाहिए। उनके द्वारा दी गई औषधियों का उपयोग करने वाले मरीजों को काफी हद तक राहत मिलती है। वहीं, एलोपैथी ट्रीटमेंट में इस समस्या से बचने के लिए ताउम्र दवा के भरोसे रहना पड़ता है।

**रायपुर।** अगर किसी को मिर्गी की समस्या है, तो उन्हें परेशान होने की जरूरत नहीं है। अगर एलोपैथी इलाज की ओर जाएं तो वहां मरीज को ताउम्र दवा के भरोसे रहना होगा। इसका नियमित उपयोग करने और इसके प्रभाव से कई तरह की दूसरी परेशानी भी शुरू हो सकती है। लेकिन, आयुर्वेद में इसके लिए मौजूद औषधि काफी हद तक कारगर बताई जाती हैं। सात्विक जीवन शैली अपनाते हुए अगर पीड़ित को दवाओं को कोर्स कराने के साथ पंच कर्म चिकित्सा से जोड़ा जाए, तो इसका अच्छा रिजल्ट मिलता है। आयुर्वेदिक चिकित्सकों की माने तो इस तरह की बीमारी से आहत रोगी के ठीक होने की संभावना 90 फीसदी होती है। इसके बाद दवाओं के नियमित सेवन की बजाय इससे हमेशा के लिए छुटकारा मिलता है।

### रोग से हमेशा के लिए मिलेगा छुटकारा



आयुर्वेदिक कॉलेज के प्रो. डॉ रंजीप कुमार दास ने बताया कि पंचकर्म चिकित्सा से पीड़ितों को बड़ी राहत मिलती है। मिर्गी से पीड़ित व्यक्ति को एलोपैथी में बचाव के लिए जीवन भर दवा खाना पड़ता है, लेकिन आयुर्वेद में मिर्गी का इलाज शुरुआती दिनों से करने पर पूरी तरह से ठीक हो सकता है। कई आयुर्वेदिक दवाएं तथा पंचकर्म चिकित्सा से इस रोग को संपूर्ण ठीक किया जा सकता है। पंचकर्म चिकित्सा करने से मिर्गी से मुक्ति मिल सकती है। इस चिकित्सा के साथ वज्रासन, पश्चिमोत्तानासन, शीर्षासन, सूर्य नमस्कार और अनुलोम- विलोम जैसे योग - प्राणायाम का अभ्यास जरूरी है।

### मिर्गी पीड़ित को मिलती है बड़ी राहत



काय चिकित्सा विभाग के व्याख्याता डॉ. सीपी सिन्हा ने बताया कि आयुर्वेद संहिताओं में मिर्गी का वर्णन अपस्मार व्याधि के नाम से मिलता है। यह एक मानस रोग है, इसमें स्मृति का नाश होना प्रधान लक्षण होता है। मरीज को मिर्गी के दौरे आने पर सोचने की क्षमता खत्म होती है या यूं कहे कि मरीज को कुछ याद नहीं रहता। आयुर्वेद में चरक सुश्रुत, वागभट्ट जैसे महर्षियों ने इसका वर्णन किया है। इसमें संशोधन या पंचकर्म, औषध चिकित्सा, सत्वावजय चिकित्सा के साथ मानस रोग पर काम करने वाली दवाओं में मेध्य रसायन का प्रयोग करके मरीज को राहत दी जाती है।

### इलाज में अंजन का प्रयोग भी प्रभावी

उन्होंने आगे बताया कि मिर्गी या अपस्मार की चिकित्सा में भी ब्राम्ही वटी, स्मृति सागर रस, पंचगव्य घृत के साथ रक्त मोक्षण चिकित्सा की जाती है। छत्तीसगढ़ में पाए जाने वाले ब्राम्ही शंखपुष्पी, मंडूकपर्णी, वचा, सतावरी का प्रयोग किया जा सकता है। आंखों में लगाए जाने वाले विभिन्न प्रकार के अंजन का भी जिक्र आयुर्वेद महर्षियों ने किया है। चिकित्सा करते समय इसका अच्छा रिस्पांस भी मिलता है। दवाओं का सही तरीके से सेवन करने वाले 90 फीसदी रोगियों को बड़ी राहत मिलती है। इन दवाओं का सेवन करने से भी औषधि की वजह से कोई विपरित असर नहीं पड़ता है।

**कैंपस लाइव**

## नई शिक्षा नीति पर आईजीकेवी में 70 युवाओं के बीच हुई क्विज प्रतियोगिता



**रायपुर।** शिक्षा में सुधार के लिए केन्द्र सरकार ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की है। इसे बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा निर्देश के अनुरूप इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, डॉ. एसबी वेरुलकर नोडल अधिकारी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के मार्गदर्शन में अनुष्का चौरसिया एवं अंशू मढ़रिया टीम के साथ 70 विद्यार्थियों के बीच नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आधारित एक क्विज (प्रश्नोत्तरी) प्रतियोगिता का आयोजन कृषि कॉलेज में किया गया। इसमें स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी के छात्र-छात्राओं ने भी उत्साह से भाग लिया।

### प्रतियोगिता जीतने खोजे सही जवाब

प्रतियोगिता के बीच छात्र-छात्राओं ने आकर्षक और प्रतिस्पर्धी तरीके से राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर ज्ञान और समझ का प्रदर्शन किया। क्विज को गूगल फॉर्म (ऑनलाइन) के मध्यम से आयोजित किया गया। इसमें प्रथम स्थान पर कुसुम सोनकर, दूसरे स्थान पर वेंकटेश और तीसरे स्थान पर तेजस्वी त्रिपाठी रहे। विजेताओं को मौके पर प्रमाण पत्र और मेडल प्रदान किया गया। इसमें डॉ. संजय शर्मा अधिष्ठाता, डॉ. जी.के. दास, डॉ. ए.के. दवे ने प्रतियोगिता में अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में एनईपी सारथी अनुष्का चौरसिया ने आभार प्रदर्शन किया।

## टेसू, गुलाब-गेंदा फूल से महिलाएं बना रहीं हर्बल गुलाल, संबलपुर से भी मिले आर्डर

**रायपुर।** रंगों के महापर्व होली को खास बनाने के लिए इस बार भी अलग-अलग स्व सहायता समूह की महिलाएं फूलों की खुशबू और उसके रंगों का उपयोग करके लोगों के लिए हर्बल गुलाल बनाने लगी हैं। जरवाय स्थित गौठान में इस बार भी हर्बल गुलाल बनने लगा है। टेसू, गेंदा-गुलाब के फूलों का एहसास रंगोत्सव में कराने के लिए महिलाएं इनसे हर्बल गुलाल बना रही हैं। लोगों को उत्सव में रंगों के साथ ही फूलों की सुगंध बिखेरने की तैयारी महिलाओं ने की है। इसके लिए गोवर्धन महिला स्वसहायता समूह की धनेश्वरी रात्रे ने बताया कि तीन साल पहले हमने खुद प्रयोग के तौर पर हर्बल गुलाल बनाना शुरू किया था। इस बार भी संबलपुर से हर्बल गुलाल आपूर्ति के लिए संपर्क किया जा रहा है। महाशिवरात्रि के बाद वे कितना क्विंटल हर्बल गुलाल देना है, इसकी जानकारी देंगे।



### पैकिंग के बाद करती हैं आपूर्ति



हर्बल गुलाल के पैकेट बनाने के बाद अलग-अलग वजन में पैकेट की पैकिंग महिलाएं खुद करती हैं। इसके लिए दोनों समूह की महिलाओं ने अपनी-अपनी जिम्मेदारी तय की है। गोकुल नगर की महिलाओं ने काम बंद कर दिया है, लेकिन होली में हर्बल गुलाल की पूछ-परख को देखते हुए किराए का मकान लेने के बाद वहीं गुलाल तैयार करेंगी। अभी इस समूह की महिलाएं अपने स्तर फूलों को लाने के बाद उसको सुखाने और फिर पाउडर बनाने की प्रक्रिया घर की जिम्मेदारी पूरी करने के बाद करती हैं।

### इस बार भी बनाएंगे हर्बल गुलाल

हर्बल गुलाल बनाने के लिए इस बार जगह नहीं है। इसके चलते अब कान्हा महिला स्वसहायता समूह की सीमा सिंह किराए का मकान लेकर वहां हर्बल गुलाल बनाने वाली हैं। बताया कि इसके लिए 15 मेंबर्स ने सहमति बनाई है। इस तरह की स्थिति इसलिए बन रही है, क्योंकि गोकुल नगर में जहां हमें स्वरोजगार के लिए जगह मिला था, वहां निगम ने ताला लगा दिया है। इससे हम वहां खुद का पैसा खर्च करके भी गोबर खरीदी सहित इससे जुड़े प्रोडक्ट का निर्माण नहीं कर पाते हैं। हर्बल गुलाल बनाने के लिए जरूरी मटेरियल अभी समूह की महिलाएं अपने स्तर पर बना रही हैं। अब किराए का मकान लेकर वहां गुलाल तैयार किया जाएगा।

### उत्सव में आस्था के फूलों का रंग

हर्बल गुलाल बनाने के लिए महिलाएं आस-पास के मंदिरों में भगवान को चढ़ाए गए आस्था के फूलों को लेने के बाद उसके रंग ही नहीं, खुशबू को भी उत्सव का हिस्सा बनती है। इसकी मदद से तैयार किए गए हर्बल गुलाल की पूछ-परख संबलपुर, श्री खाटू श्याम मंदिर में मनाए जाने उत्सव में होने से इसका क्रेज बना हुआ है। फूलों के व्यवसाय से जुड़े लोगों के पास पुराने हो चुके फूलों को भी उपयोग करते हैं। इसे सुखाने के बाद पाउडर तैयार करते हैं। गुलाल बनाने के साथ ही इसमें फूलों की खुशबू भी शामिल होती है। इसे बनाने के लिए समूह की महिलाएं आपस में जिम्मेदारी तय करके हर्बल गुलाल बनाती हैं।



## सुशासन के लिए मतदान करना जरूरी चौक-चौराहों पर नारों से किया जागरूक

**रायपुर।** आसन्न नगरीय निकाय चुनाव को लेकर चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान में महाराष्ट्र मंडल ने रविवार को राजधानी के कई चौक- चौराहों पर लोगों को जागरूक करने के लिए अपनी ताकत झोंक दी। शनिवार को भी मंडल के सभी 16 केंद्रों ने मंदिरों में राम रक्षा स्त्रोत व हनुमान चालीसा का पाठ करने के बाद मतदान करने का संकल्प लिया था। महाराष्ट्र मंडल के सभासदों ने बड़ी संख्या में शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर आमजनों को सुशासन के लिए हर किसी का मतदान कितना जरूरी है। अपने अधिकारों के लिए मतदान करना क्यों आवश्यक है समझाया व उन्हें उनकी जिम्मेदारियों से परिचित कराया। बता दें कि छत्तीसगढ़ में बीते कई चुनावों में महाराष्ट्र मंडल लोगों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक कर रहा है।

### अनुपम गार्डन से आयुर्वेदिक कॉलेज क्षेत्र में चलाया अभियान

मुख्य समन्वयक श्याम सुंदर खंगन के नेतृत्व में रविवार को शाम पांच बजे नगरीय निकाय चुनाव को लेकर मंडल के चौबे कालोनी केंद्र की महिलाओं ने विभिन्न समितियों के सदस्यों के साथ अनुपम गार्डन- आयुर्वेदिक कॉलेज क्षेत्र में अभियान चलाया। इस दौरान हाथों पर तख्ती लेकर मंडल के सदस्यों ने पूरे गार्डन में घूम- घूमकर लोगों से 11 फरवरी को मतदान करने की अपील की। मंडल अध्यक्ष अजय काले, भवन प्रभारी निरंजन पंडित, वरिष्ठजन सेवा समिति के प्रभारी दीपक पात्रीकर, कला संस्कृति समिति की समन्वयक भारती पलसोदकर, सांस्कृतिक समिति प्रभारी प्रिया बक्षी, पर्यावरण समिति समन्वयक अभय भागवतकर, महिला प्रमुख अनघा करकशे सहित कई पदाधिकारियों व सभासदों ने अभियान में शामिल होकर लोगों को मतदान करने को लेकर जागरूक किया।

**समाज इवेंट**

## महाकुंभ स्नान के लिए 100 से अधिक श्रद्धालु हुए रवाना



**रायपुर।** राजधानी से 100 से अधिक श्रद्धालु आज महाकुंभ में स्नान करने के लिए प्रयागराज के लिए रवाना हुए। इस यात्रा का नेतृत्व समाजसेवी बिंदिया अग्रवाल कर रही हैं। गुढ़ियारी स्थित दही हांडी मैदान से भाजपा नेता एवं प्रवक्ता राजकुमार राठी ने श्रद्धालुओं को बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और उनकी मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं। हम साथ साथ हैं, फाउंडेशन की अध्यक्ष बिंदिया अग्रवाल ने बताया कि यह यात्रा तीन दिनों की होगी। श्रद्धालु प्रयागराज पहुंचकर त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान करेंगे और इसके बाद लेटे हुए हनुमानजी के प्राचीन और विशाल मंदिर में दर्शन करेंगे। इस अवसर पर श्रद्धालु छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि की कामना करेंगे।

**समग्र ब्राह्मण परिषद छत्तीसगढ़ की पहल से श्री महामाया मंदिर में किया गया आयोजन**

**कार्नर न्यूज**

## चूलमाटी व मंडप पूजा के बाद विधि-विधान से हुआ 56 बटुकों का उपनयन संस्कार



**रायपुर।** सामाजिक और धार्मिक संस्थाएं भी अब सरोकार से जुड़ी परंपराओं का निर्वहन करने में सहयोग देने के लिए आयोजन करने में अहम भूमिका निभा रही हैं। इस कड़ी में रविवार को शहर के श्री महामाया मंदिर और देवपुरी स्थित शदाणी दरबार में किए गए आयोजन में बटुकों का उपनयन संस्कार किया गया। समग्र ब्राह्मण परिषद छत्तीसगढ़ द्वारा सत्संग भवन में सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे के बीच विधि-विधान से उपनयन संस्कार करवाया गया। चुलमाटी के बाद मंडप पूजा की गई। प्रदेश स्तरीय सामूहिक उपनयन संस्कार में 56 ब्राह्मण बटुकों को शास्त्रोचित जनेऊ धारण करवाया। सचिव अर्चना दीवान और आयोजन प्रभारी पं. उमाकांत तिवारी ने तीसरे साल भी आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।



### बटुकों को लगाई गई कच्ची हल्दी

सभी बटुकों की माताओं द्वारा चुलमाटी की रस्म निभाई गई। वहीं, बटुकों के माता -पिता और बटुकों द्वारा गौरी-गणेश, मंडप के साथ देव पूजन किया गया। बटुकों को पिसी हुई हल्दी से हरिद्रालेपन करके बटुक परिजनों द्वारा आपस पारंपरिक चिकट किया गया। सभी बटुकों के प्रतिनिधि के रूप में मुख्य मंडप में मातृका पूजन के बाद बटुकों को नहडोरी विधि के बाद मुंडन और स्नान करवाया गया। इसके बाद सभी बटुकों ने आचार्यों के साथ अष्ट ब्राह्मण भोज के तहत भोजन किया। आयोजन संगठन के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. भावेश शुक्ला की अगुवाई में किया गया। आचार्य लक्ष्मण तिवारी, पं. हेमन्त नंदे, पं. आयुष त्रिपाठी, पं. मुक्तेश्वर तिवारी, पं. पीयूष शर्मा, पं. नवीन तिवारी, पं. हर्ष शर्मा, पं. केशव दुबे आदि आचार्यों द्वारा बटुकों को मेखला, दंड आदि धारण करवाने के बाद जनेऊ पहनाया गया। हवन करके शिक्षा, दीक्षा ग्रहण करवाने के बाद सभी बटुकों ने 'भवति भिक्षां देहि' बोलते हुए भिक्षा मांगी। आयोजन के अंत में सभी बटुकों ने नए वस्त्र के रूप में पीला कुर्ता, सफेद पायजामा पहनकर दूल्हे की भांति तैयार हुए और देव दर्शन के लिए निकाला। बैंडबाजे के साथ बारात निकाली गई।



### शदाणी दरबार में 31 बच्चों का उपनयन संस्कार

रविवार को पूज्य शदाणी दरबार तीर्थ में 31 बच्चों का उपनयन संस्कार पारंपरिक विधि-विधान और मंत्रों के माध्यम से संपन्न कराया गया। इस संस्कार के जरिए बच्चों में आध्यात्मिक जागरण की नई किरण जागी। बच्चों ने सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़कर अपने जीवन में धार्मिक ज्ञान की नींव रखी। शदाणी दरबार की यह विशेष परंपरा, ऊंच-नीच, अमीरी-गरीबी, धर्म, जाति और भेष-भाषा के भेदभाव से परे है। कार्यक्रम समाज में एकता, शांति और समरसता का संदेश देने के साथ-साथ बच्चों के जीवन में धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों का पोषण करने का महत्वपूर्ण अवसर है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### म्यू थाई एसोसिएशन में छत्तीसगढ़ से अनीस, लखन और अमन को जवाबदारी




**रायपुर।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी (आईओसी) से मान्यता प्राप्त संस्था इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ म्यू थाई एसोसिएशन (आईएफएमए) की भारत मे मान्यता प्राप्त संस्था यूनाइटेड म्यू थाई एसोसिएशन इण्डिया (यूएमएआई) के चुनाव रविवार को नई दिल्ली में सर्वसम्मति से सम्पन्न हुए। जहां 2025 - 2029 के लिए 09 सदस्यीय कार्यकारिणी चुनी गई। जिसमें छत्तीसगढ़ से अनीस मेमन सहसचिव चुने गए। वहीं लखन कुमार साहू सलाहकार समिति के चैयरमेन और अमन यादव एथलीट कमीशन के चैयरमेन बनाये गए हैं। चुनाव के लिए कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ़ इण्डिया, नई दिल्ली में आमसभा आयोजित हुई जिसमे अंतरराष्ट्रीय संस्था आईएफएमए के निर्देश पर, एशियाई संस्था एफएएमए के महासचिव एवं लीगल कमीशन के चैयरमेन मारवयन तान पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित थे। आमसभा में चुनाव सर्वसम्मति से हुए। चुनाव पश्चात नियमानुसार 07 कमीशन का गठन कर विभिन्न प्रतिनिधियों को चैयरमेन बनाया गया। छत्तीसगढ़ म्यू थाई संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू और महासचिव अनीस मेमन ने आगे बताया कि इस चुनाव में 28 राज्यों के प्रतिनिधियों के बीच छत्तीसगढ़ को भी शानदार प्रतिनिधित्व मिला है। राज्य म्यू थाई संघ के महासचिव अनीस मेमन भारतीय म्यू थाई फेडरेशन यूएमएआई की कार्यकारिणी के सहसचिव सर्वसम्मति से चुने गए। राज्य म्यू थाई संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू को सलाहकार समिति का चैयरमेन बना कर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। छत्तीसगढ़ के अंतरराष्ट्रीय म्यू थाई खिलाड़ी अमन यादव (छ ग भाजपा खेल एवँ कला सह प्रमुख) को एथलीट कमीशन का चैयरमेन नियुक्त कर उभरते युवा खिलाड़ियों की बड़ी जिम्मेदारी सौपी गई है। 2025 - 2029 के लिए 09 सदस्यीय यूएमएआई कार्यकारिणी में अध्यक्ष - मोहन वर्मा (नई दिल्ली), वरिष्ठ उपाध्यक्ष - अनुपम माहता (झारखण्ड), उपाध्यक्ष - सुप्रियो बिस्वास (पश्चिम बंगाल), सचिव - श्रीराम चौधरी (राजस्थान), कोषाध्यक्ष - सोमबीर वशिष्ठ (हरियाणा), सहसचिव - धीरज बब्बर (पंजाब), सदस्य - आर बी राय (सिक्किम) और सदस्य - अमित सिंह (जम्मू एंड कश्मीर) बनाए गए हैं।

### राष्ट्रीय खेल में छत्तीसगढ़ को मॉडर्न पेंटाथलॉन महिला टीम इवेंट में रजत पदक



**रायपुर।** उत्तराखंड में जारी 38 वें राष्ट्रीय खेल में छत्तीसगढ़ 05 स्वर्ण पदक, 02 रजत पदक एवं 08 कांस्य पदक सहित अब तक कुल 15 पदक प्राप्त किए है। इसी कड़ी में रविवार को हल्द्वानी में मॉडर्न पेंटाथलॉन खेल में छत्तीसगढ़ ने ट्रायथले महिला टीम इवेंट में शानदार प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ की महिला खिलाड़ियों ने शूटिंग, दौड़ एवं तैराकी इवेंट्स में दूसरे स्थान के साथ रजत पदक प्राप्त किया है। छत्तीसगढ़ की महिला टीम इवेंट में मोनिका साहू (कबीरधाम जिला), दिलेश्वरी (दुर्ग जिला), चंद्रकला ओझा (दुर्ग जिला) शामिल है जिनके टीम के प्रशिक्षक रवि धनकर, तुलसी राम और प्रबंधक रीमा राय है। 38 वे राष्ट्रीय खेल में पदक प्राप्त मॉडर्न पेंटाथलॉन महिला खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, सांसद रायपुर जिला एवं छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल, सांसद दुर्ग जिला, उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ ओलिंपिक एसोसिएशन विजय बघेल, कैबिनेट मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन एवं उपाध्यक्ष केदार कश्यप, महासचिव डॉ. विक्रम सिंह सिसोदिया, मॉडर्न पेंटाथलॉन एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष अनिल पुसदकर एवं सचिव श्री प्रमोद सिंह ठाकुर, छत्तीसगढ़ के शेफ-डी-मिशन सहीराम जाखड़, डिप्टी शेफ-डी-मिशन प्रशांत सिंह रघुवंशी, सहित छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारीगण एवं राज्य खेल संघ के पदाधिकारियों ने पदक विजेता खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दी है।

### स्कूली विद्यार्थियों ने लिया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण




**रायपुर।** ग्राम सांकरा के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल धरसीवा में केयर स्किल फाउंडेशन द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण "मिशन स्ट्रॉन्गहर" का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में लगभग 220 छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में सेल्फ डिफेंस एक्सपर्ट हर्षा साहू (अंतरराष्ट्रीय कराटे खिलाड़ी) व सहायिका प्रतिमा कुमार ने छात्राओं को आत्मरक्षा के विभिन्न महत्वपूर्ण तकनीकों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि आत्मरक्षा न केवल सुरक्षा के लिए आवश्यक है, बल्कि यह आत्मविश्वास बढ़ाने और विपरीत परिस्थितियों में अपने बचाव के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है।

● जीवनशैली में बदलाव लाकर आप सामान्य कर सकते हैं अपना ब्लड प्रेशर

# बिना दवा के ब्लड प्रेशर को काबू में रखना चाहें तो मौजूद है उपाय, अपनी आदतों में करना होगा बदलाव

ज्यादातर लोगों में ब्लड प्रेशर की समस्या गलत खान-पान और अनियमित दिनचर्या के कारण होती है। ऐसे में खान-पान और दिनचर्या को नियमित कर लिया जाए तो काफी हद तक ब्लड प्रेशर की समस्या भी नियंत्रित हो सकती है।

अनियंत्रित ब्लड प्रेशर या हाई ब्लड प्रेशर की समस्या आजकल हर उम्र के लोगों में आम हो चुकी है। ऐसे में इससे राहत पाने के लिए दवा पर निर्भरता भी काफी हद तक बढ़ चुकी है। लोगों को बीपी को कंट्रोल में रखने के लिए दवाओं का सेवन आसान लगता है और वो बिना सोचे-समझे इसका सेवन करते रहते हैं। जबकि ऐसी दवाओं का लगातार सेवन सेहत पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। बता दें कि ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने वाली दवाओं के सेवन के चलते व्यक्ति को जहां शारीरिक कमजोरी और थकान जैसी समस्याएं सामान्य दुष्प्रभाव के रूप में झेलनी पड़ती हैं। वहीं इनके अधिक सेवन के किडनी और लीवर से जुड़ी गंभीर समस्याएं भी हो सकती हैं। इसलिए बेहतर यही होगा कि इन दवाओं के प्रयोग के बजाय प्राकृतिक तरीके से ब्लड प्रेशर को नियंत्रित किया जाए। इसके लिए दिनचर्या और खान-पान को संयमित करना बेहद जरूरी है।



### खाने में नमक का प्रयोग कम करें

डॉ. बृजेंद्र सिंह बताते हैं कि खाने में नमक का अधिक प्रयोग करने से शरीर में सोडियम की मात्रा बढ़ती है जो कि ब्लड वेसेल्स दबाव डालता है और इससे हाई ब्लड प्रेशर की समस्या उत्पन्न होती है। इसलिए ब्लड प्रेशर के मरीजों को खाने में नमक का प्रयोग कम से कम करना चाहिए। इसकी जगह आप चाहें तो सेंधा नमक का प्रयोग कर सकते हैं, क्योंकि सेंधा नमक में पाए जाने वाले पोटैशियम ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने में सहायक माना जाता है।

### जंक फूड का सेवन करें बंद

जंक फूड का सेवन तो वैसे सभी के लिए नुकसानदेह है पर हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों के लिए तो यह अधिक घातक साबित होता है। असल में जंक फूड में नमक और शुगर के साथ ही ट्रांस वसा और कैलोरी काफी अधिक मात्रा में पाई जाती है। ऐसे में इनका सेवन जहां सीधे तौर पर रक्तचाप को बढ़ाता है, वहीं ऐसे फूड के सेवन से मोटापा भी बढ़ता है, जो कि ब्लड प्रेशर की एक मुख्य वजह है। इसलिए अगर आप हाई ब्लड प्रेशर के मरीज हैं तो बेहतर यही होगा कि आप जंक फूड का सेवन बंद कर दें।

### स्मोकिंग से बनाए दूरी

स्मोकिंग भी हाई ब्लड प्रेशर के रोगियों के लिए खतरनाक साबित होती है। दरअसल, सिगरेट में पाए जाने वाला निकोटीन सीधे तौर ब्लड प्रेशर को बढ़ाता है, इसलिए अगर किसी को हाई ब्लड प्रेशर की समस्या है तो इसके लिए स्मोकिंग से दूरी बनाए रखना ही बेहतर होगा।

### अपनी शारीरिक गतिविधि बढ़ाएं



ब्लड प्रेशर के मरीजों के लिए शारीरिक गतिविधि बढ़ाना जरूरी है, क्योंकि आप शारीरिक रूप से जितने एक्टिव रहेंगे, मोटापा और उच्च रक्तचाप की समस्या उतनी ही कम होगी। इसलिए अपनी दिनचर्या में मॉर्निंग वॉक, एक्सरसाइज और योग के अभ्यास को जरूर शामिल करें। रोजाना एक निश्चित समय पर एक्सरसाइज और योग अभ्यास के जरिए आप वजन को नियंत्रित कर हाई ब्लड प्रेशर के साथ ही हृदय संबंधी रोगों के जोखिम को कम कर सकते हैं।

### पर्याप्त नींद लें

पर्याप्त नींद अपने में आप कई सारे रोगों की दवा है, हाई ब्लड प्रेशर के बारे में भी यह बात लागू होती है।

## श्री लक्ष्मी-गणेश के सामने जलने वाले दीपक में डालें लौंग, होगा लाभ



माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा में दीपक जलाने के समय लौंग डालने से क्या लाभ हो सकता है। इसके बारे में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं।

### मां लक्ष्मी की आरती में करें लौंग का उपयोग

मां लक्ष्मी की पूजा में आरती करने के दौरान लौंग जरूर डालें। इससे घर में स्थित नकारात्मक ऊर्जा से छुटकारा मिल सकता है और धन-धान्य में भी वृद्धि हो सकती है। इतनी ही लौंग डालकर आरती करने से मां लक्ष्मी बेहद प्रसन्न होती है और उनकी कृपा सदैव व्यक्ति पर हबनी रहती है।

### भगवान गणेश की पूजा में करें लौंग के उपाय

भगवान गणेश की आरती के दौरान लौंग का उपोयग जरूर करें। इससे सुख-समृद्धि और सौभाग्य की भी प्राप्ति हो सकती है। वहीं भगवान गणेश (भगवान गणेश मंत्र) को विघ्नहर्ता कहा जाता है। इसलिए इनकी पूजा में आरती करने के दौरान लौंग का प्रयोग जरूर करना चाहिए। इससे व्यक्ति के जीवन में आ रही बाधाएं दूर हो सकती है।

### मनचाहा नौकरी के लिए लौंग के उपाय

अगर किसी जातक को मेहनत करने के बाद भी सफलता नहीं मिलती है, तो इसके लिए बुधवार के दिन लौंग भगवान गणेश को चढ़ाएं और उसके बाद उसे अपने पर्स में रखें। इससे आपको लाभ हो सकता है। साथ ही आपको सफलता की प्राप्ति हो सकती है। अगर आपके घर में कलह-क्लेश की स्थिति बनी रहती है, तो लौंग और कपूर (कपूर के उपाय) एक साथ जलाएं। इससे आपको लाभ हो सकता है और शुभ फलों की भी प्राप्ति हो सकती है। साथ ही नकारात्मक ऊर्जा का संचार नहीं होगा।

## पॉलिश और अनपॉलिश दाल में जानिए कौन सी है बेहतर



दाल भारतीय खाने की थाली का अहम हिस्सा है। अधिकतर घरों में हर रोज दाल का सेवन किया जाता है। प्रोटीन से भरपूर दाल सेहत के लिए भी फायदेमंद होती है। दाल कई प्रकार की आती है जिसमें मसूर, मूंग, अरहर, चना शामिल हैं। दाल बच्चे से लेकर बड़ों सभी को पसंद आती है। घर से लेकर होटल तक दाल को कई तरीके से बनाया और सर्व किया जाता है। दाल को रोटी, चावल और नान किसी के साथ भी खाया जा सकता है। जब हम बाजार से दाल खरीद कर लाते हैं तो कुछ दाल चमकदार लगती हैं तो कुछ थोड़ी खुरदुरी।

कभी आपने सोचा है या आप जानते हैं आखिर इनका क्या मतलब होता है। अगर आपका जवाब नहीं है तो आपको बता देते हैं शाइन करने वाली दाल को पॉलिश दाल कहते हैं और रफ नजर आने वाली को अनपॉलिश दाल कहा जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं की इन दोनों दाल में फर्क क्या होता है। साथ ही, खाने के लिए कौन-सी बेहतर होती है। आज हम आपको इस आर्टिकल में इसी के बारे में विस्तार से जानकारी देने जा रहे हैं।

### पॉलिश दाल

पॉलिश दाल देखने में चमकदार होती है। इसकी सतह को कृत्रिम रूप से चमकाया जाता है। ऐसे में इसके ऊपर पॉलिश की एक लेयर आ जाती है। मशीनों के जरिये दाल की घिसाई होती है। इसके बाद अरहर, मसूर दालकी सतह चिकनी हो जाती है। कभी-कभी दाल पर चमक लाने के लिए सिलिकॉन पॉलिश और एडिबल ऑयल का भी इस्तेमाल किया जाता है। पॉलिशिंग प्रक्रिया के दौरान दाल की प्राकृतिक परत हट जाती है। जिसके चलते इस दाल में पोषण की मात्रा कम होती है। साथ ही, पॉलिश की वजह से दाल में से डायटरी फाइबर कम होने लगता है। जिसकी वजह से इस दाल के पाचन में भी दिक्कत होती है।

अनपॉलिश दाल की सतह थोड़ी रफ होती है। यह दाल एकदम प्राकृतिक होती है। इसपर किसी भी तरह की पॉलिश नहीं की जाती है। इस दाल की बाहरी परत फाइबर युक्त होती है। इस दाल को किसी भी तरह की मशीन में नहीं डालने की वजह से इसका नेचुरल टेक्स्चर बरकरार रहता है। ऐसे में यह दाल खाने के लिए बेहतर मानी जाती है। यह हेल्दी होने के साथ पाचन और बनाने में भी आसान होती है। अब आप जब भी मार्केट से दालें खरीदने जाएं तो हमेशा अनपॉलिश दाल ही खरीदें। यह आपकी और परिवार की सेहत के लिहाज से बेहतर होती है।

## कूलडाउन करते समय न करें ये गलतियां वरना मसल्स रिकवरी हो सकती है धीमी



जिम जाकर वर्कआउट करना , जंक फूड, प्रोसेस्ड फूड से दूर रहना और योग करना आदि वो तरीके हैं, जिससे किसी को भी स्वस्थ रहने में मदद मिल सकती है। रोजाना वर्कआउट करने के भी कई फायदे होते हैं। लेकिन वर्कआउट के बाद मसल्स रिकवरी भी काफी जरूरी होती है। वर्कआउट के बाद मसल्स रिकवरी के लिए, कुछ लोग सोर मसल्स में आराम देने वाले फूड का सेवन करते हैं; तो कुछ हाई प्रोटीन डाइट का सेवन करते हैं। मसल्स रिकवरी में कुछ विटामिन भी मदद कर सकते हैं। वर्कआउट के बाद मसल्स रिकवरी के लिए गहरी नींद भी जरूरी है, जिसके लिए सोने के ये तरीके भी अपना सकते हैं। वर्कआउट के बाद मसल्स रिकवरी और इंजुरी से बचने के लिए कूल डाउन प्रोसेस भी करनी होती है। कूलिंग डाउन प्रोसेस आपकी हृदय गति को धीरे-धीरे कम करने के लिए पर्याप्त समय देता है, जो आपके शरीर को रिकवरी मोड में ले जाता है। कूल डाउन जब सही तरीके से किया जाता है, तो इसके अलावा स्टैटिक स्ट्रेचिंग या फोम रोलिंग शामिल है, जो थके हुए मसल्स को आराम देते हैं।

### कूल डाउन के दौरान होने वाली गलतियां



कूल डाउन में भले ही इसमें केवल कुछ मिनट लगते हैं, लेकिन वर्कआउट के बाद यह काफी जरूरी है। हो सकता है आप कूल डाउन की प्रोसेस के दौरान कुछ गलतियां कर रहे हों, जिस कारण से बॉडी सही से रिकवर नहीं हो पा रही हो। इसलिए कूलडाउन के समय दी हुई गलतियां करने से बचें।

### हर वर्कआउट के बाद कूलडाउन न करें

ज्योफ ट्रिप के मुताबिक, एक्सरसाइज के बाद कम से कम पांच मिनट का क्विक कूलडाउन प्रोसेस करने से मसल्स रिकवरी की प्रोसेस बढ़ जाती है। एक्सरसाइज के दौरान आपका शरीर कई तनावपूर्ण प्रक्रियाओं से गुजरता है। अमेरिकन कॉलेज ऑफ स्पोर्ट्स मेडिसिन के अनुसार, वर्कआउट के दौरान जो टेंशन क्रिएट होती है उस दौरान कैमिकल ब्रेक होते हैं, जो कि मसल्स में दर्द और थकान पैदा करते हैं। एक एक्टिव रिकवरी करने वाला कूलडाउन करके, उसके बाद स्ट्रेच करके मसल्स रिकवरी प्रोसेस की ओर आगे बढ़ सकते हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हर एक्सरसाइज के बाद कूलडाउन करें। बल्कि वर्कआउट खत्म होने के बाद सिर्फ 10 मिनट इस प्रोसेस को दें। यदि आप 1 घंटा वर्कआउट कर रहे हैं, तो उसके बाद 10 मिनट कूलडाउन प्रोसेस करें, जिसमें स्ट्रेचिंग और फोम रोलिंग शामिल हों।

### अचानक से अपना वर्कआउट बंद कर देना

वर्कआउट के बाद कूलडाउन सबसे पहले शरीर के तापमान और ब्लड प्रेशर को नॉर्मल करता है। फिर शरीर को वर्कआउट रिकवरी मोड में लेकर जाता है। लेकिन ऐसा करने के लिए आपको तुरंत किसी वर्कआउट को बंद नहीं करना चाहिए। उदाहरण के लिए आप यदि स्पीड में साइकिल चला रहे हैं और अचानक से ब्रेक लगा देंगे तो साइकिल गिर जाएगी। आप गिरें न इसके लिए धीरे-धीरे ब्रेक लगाने होंगे।

उसी तरह आपको वर्कआउट करना अचानक बंद नहीं करना है, बल्कि धीरे-धीरे वर्कआउट की तीव्रता को कम करना होगा, यह वर्कआउट सेशन को समाप्त करने का सबसे अच्छा तरीका है। यदि आप दौड़ रहे हैं, तो धीरे-धीरे जॉगिंग पर आएं फिर तेज चलने पर आएं और फिर धीरे-धीरे अपनी स्पीड को कम करते हुए रुकें।





## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## एमसीयू में रेड हल्क की धमाल एंट्री सिनेमाई दुनिया का अलग प्रयोग

मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स (एमसीयू) के दीवानों के लिए इस बार का वैलेंटाइंस डे खास होने वाला है। बड़े परदे पर



उनकी नई कैप्टन अमेरिका से मुलाकात होने वाली है। हालांकि, ये नया कैप्टन अमेरिका उन्हें वेब सीरीज 'द फाल्कन एंड द विंटर सोल्जर' में ही दिख चुका है लेकिन, इसकी बड़े परदे पर शानदार एंट्री अब होने जा रही है, एमसीयू की 35वीं फिल्म 'कैप्टन अमेरिकाः ब्रेव न्यू वर्ल्ड' में। इस फिल्म का जो दूसरा इससे बड़ा धमाका है वह थैडियस रॉस के रूप में हैरीसन फोर्ड का एमसीयू में कदम रखना। मार्वल की काल्पनिक सिनेमाई दुनिया का ये एक अलग ही प्रयोग बनने जा रहा है क्योंकि सूत्र बताते हैं कि फिल्म में थैडियस रॉस को अमेरिका का राष्ट्रपति बनता दिखाया गया है जो गर्मी बढ़ने पर रेड हल्क में बदल जाता है। एमसीयू के प्रशंसकों ने इस काल्पनिक दुनिया में हल्क को पहले पहल 'आयरनमैन' की रिलीज के साल 2008 में ही आई एमसीयू की दूसरी फिल्म 'द इनक्रेडिबल हल्क' में देखा था। लेकिन, ये लाल वाला हल्क उससे काफी भिन्न है। हरा वाला हल्क जहां गुस्सा होने पर अपना चरम रूप दिखाता है, वहीं ये लाल वाला हल्क अपने आसपास की गर्मी से अपना रूप बदलने लगता है। एमसीयू के प्रशंसक अरसे से इस कहानी में 'थंडरबोल्ट्स' के आ जुड़ने का इंतजार करते रहे हैं और मार्वल स्टूडियोज की इस नई फिल्म में यही होने जा रहा है।

### टॉलीवुड

## बालकृष्ण का दुश्मन मिला गया पिनिसेट्टी मचाएगा खलनायक की भूमिका में कोहराम

एक्शन ड्रामा फिल्म 'अखंड 2' की रिलीज डेट जारी कर दी गई है। इसके लेकर कई खुलासे हो रहे हैं। हाल ही में इसमें खलनायक



की रोल में भूमिका अदा करने वाले अभिनेता का नाम भी सामने आ गया है। साल 2021 में रिलीज हुई नंदमुरी बालकृष्ण की फिल्म 'अखंड' बॉक्स ऑफिस पर छा गई थी। अब निर्देशक बोयापति और बालकृष्ण 'अखंड 2' की तैयारी में लगे हुए हैं। इस फिल्म में कई कलाकार जुड़ रहे हैं।

25 सितंबर 2025 को यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जिसके लिए सारे निर्देशक, निर्माता इसकी मेकिंग में व्यस्त हैं। 'अखंड' फिल्म में बतौर अभिनेत्री काम करने वाली प्रज्ञा अब 'अखंड 2' का हिस्सा नहीं होंगी, अब इनकी जगह संयुक्ता नजर आएंगी। वहीं खलनायक के तौर पर बालकृष्ण के दुश्मन के रूप में आदि पिनिसेट्टी नजर आएंगे। इससे पहले यह 'सराईनोडु' फिल्म में विलेन भूमिका में नजर आ चुके हैं।

साउथ सुपरस्टार नंदमुरी बालकृष्ण और निर्देशक बोयापति श्रीनु ने साथ मिलकर तीन ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। तीनों फिल्में- 'सिम्हा', 'लीजेंड' और 'अखंड' बॉक्स ऑफिस पर छा गई थीं। इसके बाद बोयापति की यह चौथी फिल्म 'अखंड 2ः तांडवम' है।

फिल्म 'अखंड 2' पैन इंडिया स्तर पर रिलीज होगी। इसे हिंदी, अंग्रेजी के अलावा कई अन्य हिंदी भाषाओं में भी रिलीज किया जाएगा। फिल्म में संयुक्ता मुख्य भूमिका में हैं, जिसका निर्माण 14 रील्स प्लस बैनर के तहत राम अचंता और गोपीचंद अचंता ने किया है। थमन ने संगीत तैयार किया है।

### छॉलीवुड

## 'यादव जी के मधु जी' पर लगेंगे ठहाके 28 को होगी सिनेमाघरों में रिलीज

अपना सिनेमा की प्रस्तुति छत्तीसगढ़ी कॉमेडी फिल्म 'यादव जी के मधु जी' 28 फरवरी को रिलीज हो रही है। इस फिल्म की



प्रोड्यूसर शिवाली सैनी बिलासपुर में पली बढ़ी और मुंबई में जॉब कर रही थीं। उन्होंने बताया, मैं मुंबई में आर्ट डायरेक्टर के अंडर में सेट डिजाइनर रही। साथ ही प्रोडक्शन असिस्टेंट का भी काम किया है। मुंबई के मामी फिल्म फेस्टिवल में शामिल होने का मौका मिला, जहाँ सभी राज्यों की फिल्मों और गीतों की चर्चा हो रही थी, लेकिन किसी को भी छत्तीसगढ़ के संगीत और फिल्मों के बारे में पता नहीं था। यह बात मेरे दिमाग में चुभ गई और मुझे बहुत परेशान किया। उस समय मैंने सोच लिया था कि वापस बिलासपुर आकर कुछ करना है।

इंटीरियर डिजाइनिंग में ग्रेजुएशन कर चुकी शिवाली ने बताया, 2018-19 को में मैंने छत्तीसगढ़ के कई निर्माताओं और बड़े अभिनेताओं से मुलाकात की। जहाँ हर कोई कहता था कि इतनी अच्छी कहानी यहाँ मत बनाओ, हिंदी सिनेमा जैसी कहानी है तो मुंबई जाकर बनाओ। मुझे कोई निर्माता नहीं मिला। 2-3 साल तक काफी स्ट्रगल क्यों आखिरकार सोचा कि क्यों न खुद ही फिल्म बनाई जाए। राइटर और डायरेक्टर आदिल ने कहा, एक बुजुर्ग की कहानी है जो बहुत नॉटी लेकिन इमोशनल भी है। उसे इस उम्र में प्यार हो जाता है। इस दौरान वो कई तरह के इमोशन से गुजरता है। जो कि हास्य का जबरदस्त भाव पैदा करते हैं। इसके साथ साथ एक नौजवान की भी लव स्टोरी दिखाई गई है। फिल्म में सुनील चिपड़े,वैष्णवी जैन और रोहित वैष्णव समेत अन्य आर्टिस्ट दिखाई देंगे। गीतों को अनुपमा मिश्रा और ऋषभ सिंह ठाकुर ने स्वर दिया है। गीत आदिल खान और आदित्य चक्रवर्ती लिखे हैं म्यूजिक आदित्य चक्रवर्ती और बैकग्राउंड स्कोर आदित्य चक्रवर्ती का है।




### नार्वे की सादगी

नार्वे जैसे देश में फैशन का अलग ही रंग चर्चा में रहता है। यहां सादगी को ज्यादा पसंद किया जाता है। माडल मारे डि मोडा ने पिछले दिनों नियॉन और सिंथेटिक रंगों का उपयोग डिजिटल वाइब और हाइपर-रियल एक्सप्रेशन को दर्शाने किया, जो अक्सर गेमिंग की दुनिया में देखा जाता है। यह आपके वार्डरोब विकल्पों के माध्यम से दैनिक जीवन की ग्रे नीरसता को दूर करता है। नार्वे का यह रंग सभी को पसंद आया।

## कोरियन ब्यूटी हैक्स से गायब हो सकते हैं आंखों के नीचे मौजूद काले घेरे, जानें कैसे?

त्वचा की देखभाल करने के लिए हम कई तरह के प्रोडक्ट्स को खरीदते हैं। वहीं आंखों के नीचे की त्वचा चेहरे की त्वचा से कई ज्यादा नाजुक होती है और इसका ख्याल रखा जाना बेहद जरूरी होता है। बदलते लाइफस्टाइल के कारण हम देर रात जागते हैं तथा कई चीजों का स्ट्रेस भी लेते हैं, जिनके कारण डार्क सर्कल्स बढ़ जाते हैं। आजकल ब्यूटी ट्रेंड्स में कोरियन ब्यूटी को काफी चलन में है। तो चलिए आज हम आपको बताने वाले हैं आंखों के नीचे मौजूद काले घेरे को कम करने के लिए कोरियन ब्यूटी हैक और बताएंगे इनसे त्वचा को मिलने वाले फायदे क्या हैं- एलोवेरा जेल में विटामिन-ए, विटामिन-सी और विटामिन-बी होता है जो कि स्किन को भरपूर मात्रा में पोषण देता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट गुण स्किन को हाइड्रेट करने में मदद करता है। एलोवेरा जेल के अंदर एंटी-बैक्टीरियल गुण होता है जो त्वचा को सभी तरह के स्किन इन्फेक्शन से बचाते हैं।

### खीरे को आंखों के नीचे लगाने के क्या फायदे हैं?

खीरे में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स तत्व त्वचा को नमी प्रदान करने में मदद करते हैं। इसमें मौजूद तत्व स्किन को डीप क्लीन करते हैं। खीरे में मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट तत्व चेहरे पर मौजूद पोर्स का साइज बढ़ने से रोकने में मदद करते हैं।



### आंखों के नीचे मौजूद काले घेरे को कम करने के लिए कोरियन हैक


सबसे पहले एलोवेरा के पौधे से जेल को निकालकर एक बाउल में डालें। इसके बाद इसमें एक खीरे को पीसकर डालें। इन दोनों को मिक्स करके उंगलियों की मदद से आंखों के नीचे लगा लें। लगभग 30 मिनट तक इसे आंखों के नीचे लगा रहने दें। इसके बाद कॉटन की मदद से इसे साफ कर लें।

## क्रश को करना इंप्रेस तो इस तरह से हों तैयार, सामने वाला हो जाएगा फिदा



साल के दूसरे महीने यानी कि फरवरी में वैलेंटाइन डे आता है, जो हर प्रेमी जोड़े के लिए काफी खास होता है। इस खास दिन को और खास बनाने के लिए कपल्स एक-दूसरे को तोहफा देते हैं, और उन्हें उनके खास होने का एहसास कराते हैं।

वैलेंटाइन डे तो 14 जनवरी को मनाया जाता है, लेकिन इस दिन से ठीक एक हफ्ते पहले यानी कि 7 फरवरी से वैलेंटाइन वीक की शुरुआत हो जाती है। वैलेंटाइन वीक का हर दिन बेहद खास होता है। इन सात दिनों में आप अपने पार्टनर को उनके स्पेशल होने का एहसास करा सकते हैं।



खास तौर पर अगर आप किसी को पसंद करती हैं, तो वैलेंटाइन वीक शुरू होने से पहले अपने क्रश को इंप्रेस कर सकती हैं। बहुत सी लड़कियों को ये समझ नहीं आता कि वो क्रश के सामने कैसे जाएं, तो इसके लिए हम आपको आइडिया देने जा रहे हैं, ताकि क्रश के सामने भी आपका आत्मविश्वास बना रहे।

### सादगी भरा लुक रखें

ज्यादातर लड़कों को लड़कियों का सादगी भरा लुक ही पसंद आता है। ऐसे में अपने क्रश के सामने हमेशा सादगी भरे लुक में ही जाएं। खासतौर पर अगर आप अपने क्रश के साथ पहली बार कहीं घूमने जा रही हैं, तो अपने लुक का खास ध्यान रखें।

### भड़कीले कपड़ों से रहें दूर

ज्यादा भड़कीले कपड़े आपके लुक को खराब कर सकते हैं। ऐसे में कोशिश करें, कि ज्यादा चमक-धमक या चमकीले कपड़ों से दूर ही रहें। उनकी जगह आप थोड़ा सिंपल कपड़ों को चुन सकते हैं।

### आरामदायक कपड़ों को दें प्राथमिकता

अपने क्रश के सामने कभी ऐसे कपड़े पहनकर ना जाएं, जिसे पहनकर आप खुद असहज हों। कपड़े हमेशा ऐसे होने चाहिए, जिसे पहनकर आपको किसी तरह की कोई परेशानी ना हो।

### अपने व्यक्तित्व का रखें ध्यान

अगर आप अपने व्यक्तित्व के विपरीत जाकर किसी को इंप्रेस करने के लिए तैयार होंगी, तो ये आपके लिए भी खराब हो सकता है। ऐसे में क्रश को इंप्रेस करने के लिए तैयार तो हों, लेकिन खुद को बदलने की कोशिश कतई ना करें।

## वैलेंटाइन डे डेट लुक के लिए परफेक्ट हैं लिपस्टिक के ये खास शेड्स

मेकअप तो हम सभी को पसंद होता है और इसके लिए कई प्रोडक्ट्स आजकल मार्केट में आपको देखने को मिल जाएंगे, लेकिन कितना ही मेकअप कर लिया जाये अगर लिपस्टिक का शेड सही नहीं चुना गया तो पूरा लुक आखिर में बिगड़ जाता है।

वैलेंटाइन डे आने वाला है और इस दिन हम अपने पार्टनर के साथ डेट नाइट पर जाते ही हैं। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं लिपस्टिक के कुछ ऐसे शेड्स जो आपके वैलेंटाइन डे डेट लुक में जान डालने का काम करेंगे। साथ ही बताएंगे मेकअप से जुड़े कुछ आसान हैक्स-

### रेड कलर लिपस्टिक

वैलेंटाइन डे लुक के लिए रेड कलर को सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है। रेड कलर पैलेट में आपको कई शेड्स देखने को मिल जाएंगे, लेकिन रेड लिपस्टिक में आपको अपनी स्किन टोन के हिसाब से ब्राइट, डीप या वार्म कलर टोन को चुनना चाहिए। अगर आप रेड आउटफिट पहन रहे हैं तो रेड कलर की लिपस्टिक को अवॉयड ही करें। हालांकि ब्लैक



कलर की आउटफिट के साथ इस तरह के बोल्ड कलर लिप शेड बेस्ट रहेंगे।

### न्यूड ब्राउन शेड लिपस्टिक

अगर आप न्यूट्रल या सटल कलर पैलेट में मेकअप लुक को रखना चाहती हैं तो इस तरह का न्यूड ब्राउन शेड लिप कलर आपके लिए बेस्ट रहेगा। इस कलर को आप लाइट से लेकर डार्क आउटफिट कलर के साथ कैरी कर सकती हैं।

## फैंसी लुक पाने के लिए परफेक्ट हैं सलवार-सूट के ये नए डिजाइंस

अपने लुक को खास बनाने के लिए केवल फैंसी डिजाइन ही नहीं बल्कि किसी भी आउटफिट की स्टाइलिंग भी सोच-समझकर करना बेहद जरूरी होता है। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं सलवार-सूट के कुछ खास डिजाइंस और बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान टिप्स ताकि आपका लुक आए नजर स्टाइलिश और अप-टू-डेट।

### कलीदार सूट डिजाइन

अनारकली स्टाइल कलिदार सूट आपके लुक को काफी एलिगेंट लुक देने में मदद कर सकती हैं। रोहित बलाना द्वारा इस खूबसूरत फ्लोरल डिजाइन सूट को डिजाइन किया गया है। इस तरीके के फ्लोर लेंथ अनारकली सूट के साथ आप दुपट्टे के लिए प्लेन लेकिन लेंथ में लम्बे दुपट्टे को स्टाइल कर सकती हैं।

### शरारा सूट डिजाइन

आजकल मिरर वर्क पैटर्न काफी चलन में है। डिजाइनर गोपी वैद द्वारा इस खूबसूरत शरारा-सूट को स्टाइल किया है। इस तरह का फैंसी लुक वाला सूट लुक



आपको मार्केट में लगभग 3,000 रुपये में आसानी से मिल जाएगा।

### पैन्ट्स स्टाइल प्लाजो सूट लुक

क्लासी लुक पाने के लिए शॉर्ट कुर्ती स्टाइल सूट के साथ आजकल प्लाजो पैन्ट्स को पहना जाता है। इस स्टाइलिश हैवी वर्क सूट को डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने डिजाइन किया है। इस तरह के सूट लुक्स आपको मार्केट में लगभग 3,500 रुपये में आसानी से मिल जाएंगे।

### कार्नर न्यूज

### स्मार्ट तरीके अपना कर दिखा सकते हैं आप अपना जलवा

## कोट-ब्लेजर पहनने के स्मार्ट तरीके, शर्ट-टाई के बिना भी मिल सकता है सूट-बूट जैसा लुक

फॉर्मल और इनफॉर्मल के बीच बैलेंस करके चलना बहुत मुश्किल नहीं है। बस इसके लिए नए अंदाज में कोट-ब्लेजर, शर्ट, पैंट आदि को कैरी करना होगा। इसके बाद आपको एकदम नया लुक मिल जाएगा, जो कि देखने में वाकई दमदार होगा।

कई लड़के सूट-बूट इसलिए नहीं पहन पाते क्योंकि वे उतने फॉर्मल तरीके से ड्रेस को कैरी नहीं कर पाते। हालांकि, एकदम फॉर्मल दिखना इसके मुकाबले मुश्किल है। इसलिए बिना शर्ट और टाई के सूट-बूट टाइप का लुक चाहिए तो यहां पर दिए स्टाइलिंग टिप्स फॉलो कर सकते हैं।

### टाई बांधना जरूरी नहीं?

फैशन की गलतफहमी कई बार हमें अच्छी ड्रेस पहनने से भी रोक देती है। हमें लगता है कि सूट-बूट के साथ टाई बांधना, फॉर्मल शर्ट, फॉर्मल शूज आदि पहनना जरूरी है। जबकि मॉडर्न दौर में ऐसा कोई हार्ड एंड फास्ट फैशन रूल नहीं है। हां, अच्छा दिखने के लिए शर्त है ड्रेस पहनने की, भले ही वो किसी के लिए कंफर्टेबल हो या न हो। हमें इसी रेस से आगे निकलकर फॉर्मल और इनफॉर्मल के बीच वाली लाइन पर चलना है।



### पोलो टी-शर्ट और ब्लेजर

आपके लिए भले ही यह नया हो लेकिन पोलो टी-शर्ट और ब्लेजर को पहनना सही साबित हो सकता है। आयुष्मान खुराना को देखकर इस बात को समझ सकते हैं। इसके साथ आप अपने पसंदीदा स्नीकर भी पहन सकते हैं और फॉर्मल शूज को थोड़े समय के लिए आराम दे सकते हैं। अगर आप पोलो टी-शर्ट के साथ ब्लेजर पहनें तो टी-शर्ट के सभी बटन को बंद रखें। साथ ही आप ब्लेजर की स्लीव को ऊपर चढ़ा लें। इसके अलावा आप राउंट नेक टी-शर्ट के साथ भी इस तरह का लुक पा सकते हैं।

इतना ही नहीं अगर आप केवल पोलो टी-शर्ट और कैजुअल पैंट ही पहनेंगे तो भी परफेक्ट लुक पा सकते हैं। इसके लिए आप सुझाव के तौर पर वरुण धवन के लुक को देख सकते हैं।

### जैकेट और टीज

हर बार कोट-ब्लेजर पहनना जरूरी नहीं है। सूट पहने किसी शख्स की तरह आकर्षक दिखने के लिए इस तरह की ड्रेस पहनें। सिंपल टीज, जैकेट और स्नीकर्स पहन सकते हैं। इसमें आप परफेक्ट दिखेंगे।

### ब्लैक ड्रेस

ब्लैक कोट, टीज और पैंट के साथ आपको इम्प्रेसिव लुक मिल सकता है। यकीन कीजिए ये लुक शायद आपको पूरी तरह टाई-कोट पहनने के बाद भी न मिले। इसके साथ एक व्हाइट कलर का स्नीकर, कितना दमदार है न। हां, हमेशा सफेद जूतों को चमकाकर रखें। हमेशा इम्प्रेसिव लुक के लिए कोट-ब्लेजर या जैकेट पहनने की आवश्यकता नहीं है। आप चाहें तो केवल बेहतरीन फिटिंग वाली शर्ट, जींस और ऑक्सफोर्ड स्टाइल के शूज भी कैरी कर सकते हैं।

